* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 74

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


मोदी ने 20 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया








## झारखंड में सियासी हलचल तेज, चर्चाओं का बाजार गर्म

# क्या है हेमंत की कल्पना, आज होगा साफ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं का बाजार गर्म है। चर्चा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सत्ता सौंपने की तैयारी में जुटे हैं। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ने एक एजेंसी से बातचीत में कहा है कि कल्पना सोरेन को लेकर जो भी बातें हो रही हैं, वह भाजपा की कोरी कल्पना है। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को सत्ताधारी दल के विधायकों की बैठक बुलायी है। इससे पहले मंगलवार को हेमंत सोरेन ने महाधिवक्ता को बुला कर राय-मशविरा किया। पिता सह झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन से मुलाकात की। पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा भेजे गये पत्र (समन) का हेमंत ने मंगलवार को जवाब भी भेजा। इससे पहले गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने विधानसभा की सदस्यता से 31 दिसंबर को इस्तीफा दे दिया। भाजपा दावा कर रही है कि यह सीट कल्पना सोरेन के लिए खाली करायी गयी है। चूंकि कल्पना किसी आरक्षित सीट से चुनाव नहीं लड़ सकतीं, इसलिए गांडेय सीट का चयन किया गया है। उधर, भाजपा सत्ता पक्ष पर हमलावर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि अगर कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की बात सामने आती है, तो वे कानूनी सलाह लेकर ही कोई विचार करें। वहीं, सांसद निशिकांत दुबे ने कोर्ट के दो फैसले को उद्धृत करते हुए चुनाव नहीं होने की संभावना जतायी है। साथ ही एक बार फिर राजभवन में चुनाव आयोग के बंद लिफाफे की चर्चा भी तेज हो गयी है। इसे राज्यपाल द्वारा जल्द ही खोलने की बात कही जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक बुलायी

- भाजपा ने खोला मोर्चा, राज्यपाल से किया आग्रह
- हेमंत सोरेन ने इडी के पत्र का दिया जवाब
- महाधिवक्ता को बुला कर राय-मशविरा किया
- हेमंत ने पिता शिबू सोरेन से की मुलाकात



### भाजपा का दावा मनगढ़ंत : हेमंत सोरेन

झारखंड में चल रहे सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी से कहा कि वह पत्नी कल्पना को सत्ता नहीं सौंप रहे हैं। यह भाजपा का मनगढ़ंत दावा है। हेमंत ने उनकी पत्नी के राज्य के गांडेय विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। सोरेन ने कहा कि इन अटकलों में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। उधर, मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर सरकार में शामिल गठबंधन दलों की बुधवार को बैठक बुलायी है। इस बैठक में सभी विधायकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगे की रणनीति पर विधायकों से चर्चा करेंगे।

### सीएमओ कर्मी ने हेमंत सोरेन का पत्र इडी को सौंपा

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी के सातवें समन पर जवाबी पत्र भेजा है। सीएमओ का एक कर्मचारी हेमंत का जवाबी पत्र बंद लिफाफे में लेकर गया। सूत्रों के मुताबिक हेमंत सोरेन ने इडी के समन को गैरकानूनी बताया है। इडी को लिखे पत्र में सोरेन ने मीडिया ट्रायल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी छवि खराब करने का भी आरोप लगाया है। सूत्रों की मानें तो पत्र से यह साफ हो रहा है कि हेमंत सोरेन संभवतः इडी के पास पूछताछ के लिए पेश नहीं होंगे। गौरतलब है कि इडी ने पिछले दिनों सातवें समन के रूप में हेमंत सोरेन को पत्र लिखा था। इसमें इडी ने कहा था कि हेमंत सोरेन भूमि घोटाले मामले में जांच अधिकारी को अपनी सुविधानुसार तारीख, स्थान आदि के बारे में सूचित करें, ताकि उनका बयान दर्ज किया जा सके। जवाब के लिए उन्हें 31 दिसंबर तक का समय दिया गया था। सूत्रों की मानें तो एजेंसी ने यह भा कहा था कि अगर इस बार वह बयान दर्ज नहीं कराते हैं, तो इडी आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू करने पर विवश होगी।

### महाधिवक्ता से ली राय, पिता शिबू सोरेन को दी जानकारी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को महाधिवक्ता राजीव रंजन को बुलाया था। उन्होंने अपने आवास पर महाधिवक्ता से कानूनी सलाह ली। चर्चा है कि हेमंत ने महाधिवक्ता से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के बढ़ते दबाव और नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कानूनी पक्ष को समझने का प्रयास किया। उन्होंने संभावित बातों का जिक्र करते हुए क्या-क्या कानूनी कदम उठाये जा सकते हैं, इसके बारे में जानकारी ली। उधर, पिता शिबू सोरेन को सबी बातों की जानकारी दी। शिबू सोरेन झामुमो अध्यक्ष हैं। किसी भी कदम को उठाने के लिए उनकी सहमति सबसे अहम है।



### जिन्होंने गलत किया, उन्हें परिणाम भुगतना होगा: राज्यपाल राधाकृष्णन



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कुछ गलत किया है, उन्हें परिणाम भुगतना होगा। कानून-व्यवस्था पर राजभवन की नजर है। दरअसल, राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था दुर्भाग्य से बिगड़ रही है। यह बहुत दर्दनाक है। बता दें कि राज्यपाल तमिलनाडू के लिए रवाना हो गये हैं। जानकारी के अनुसार वह 8 जनवरी तक वापस रांची लौटेंगे।

### संवैधानिक व्यवस्था को मजाक बनने से बचायें राज्यपाल : बाबूलाल मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आज राज्य में दुर्दांत अपराधी, दलाल, बिचौलिए बेखौफ हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार असंवैधानिक कार्य कर रहे। मुख्यमंत्री को अब लग गया कि उनका जेल जाना तय है। इसलिए पार्टी के विधायक सरफराज अहमद को विधानसभा से इस्तीफा दिलवा कर पत्नी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्हें यह भी पता है कि उनकी पत्नी आरक्षित सीट से विधायक नहीं बन सकतीं। हाइकोर्ट ने यह निर्णय दिया है कि राज्य से बाहर की बहू झारखंड में आरक्षण की सुविधा नहीं ले सकती है। उन्होंने महाराष्ट्र हाइकोर्ट, नागपुर बेंच के उस निर्णय की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से कोई नयी सरकार बनाने या मुख्यमंत्री बदलने की बात उनके समक्ष आती है, तो उनका आग्रह है कि अटॉर्नी जनरल, या बड़े न्यायविद से इस संबंध में सलाह अवश्य लें। इस बारे में जल्द ही भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिल कर आग्रह भी करेगा।

### आसान नहीं होगी कल्पना सोरेन के लिए सत्ता की राह: निशिकांत दुबे



रांची (आजाद सिपाही)। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे झारखंड में सियासी हलचल को लेकर लगातार सोशल मीडिया पर कामेंट कर रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि हेमंत सोरेन की पत्नी के लिए सत्ता की राह आसान नहीं होगी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट (श्री चौधरी वर्सेस स्टेट ऑफ पंजाब) का हवाला दिया है। उन्होंने लिखा कि इस जजमेंट के अनुसार यदि छह महीने के अंदर कल्पना सोरेन विधायक नहीं बनती हैं तो वह मुख्यमंत्री पद की शपथ नहीं ले सकती हैं। काटोल विधानसभा के लिए बॉम्बे हाइकोर्ट के जजमेंट का भी निशिकांत ने उल्लेख किया है। इसके अनुसार अब गांडेय या झारखंड के किसी भी विधानसभा का चुनाव नहीं हो सकता। राज्यपाल को चुनाव आयोग के साथ-साथ कानूनी राय लेकर उनकी मंशा को रोकना चाहिए। यही प्रार्थना है।

## न्यूज रील्स

### धर्मनिरपेक्षता अपमानजनक बन गयी: सोनिया

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए धर्मनिरपेक्षता अपमानजनक बात बन गयी है। इसकी वजह से हमारे समाज का ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है। सोनिया ने ये बातें मनोरमा ईयरबुक 2024 के लिए एक आर्टिकल में लिखीं। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग कहते तो हैं कि वे लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन वे इसे कमजोर कर रहे हैं।

### जापान में विमान दुर्घटना, 5 क्रू मेंबर्स की मौत

टोक्यो। जापान की राजधानी टोक्यो के हानेडा एयरपोर्ट पर एक प्लेन में आग लग गयी। लैंडिंग से पहले विमान कोस्ट गार्ड के प्लेन से टकरा गया। इस दौरान कोस्ट गार्ड के प्लेन में सवार 6 में से 5 क्रू मेंबर्स की मौत हो गयी। वहीं पायलट घायल होने के बाद भी विमान से निकलने में कामयाब रहा। इसमें करीब 367 पैसेंजर्स और 12 क्रू मेंबर्स सवार थे। सभी को प्लेन से सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है।

### आइसीयू में भर्ती को लेकर गाइडलाइन जारी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने गंभीर मरीजों के आइसीयू में भर्ती करने को लेकर नयी गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक, परिवार के लोगों की सहमति के बिना अस्पताल मरीज को आइसीयू में एडमिट नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा यदि किसी मरीज का इलाज नहीं हो पा रहा, सेहत में सुधार नहीं हो रहा तो अस्पताल जानबूझकर उसे आइसीयू में नहीं रख सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 24 डॉक्टरों की टीम की सिफारिशों के आधार पर यह गाइडलाइन जारी की है।

## सार्वजनिक करना होगा जाति सर्वे का विवरण

**नीतीश सरकार को सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने जाति आधारित सर्वेक्षण कराया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर हुई है। याचिका पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से कहा कि जाति सर्वेक्षण का डेटा ब्रेकअप सार्वजनिक किया जाये। अदालत ने कहा, इस मामले में अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी।


शीर्ष अदालत ने कहा, बिहार में कराये गये जाति सर्वेक्षण का डेटा जनता को उपलब्ध नहीं कराये जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट चिंतित है। अगर कोई व्यक्ति सर्वेक्षण के किसी विशेष निष्कर्ष को चुनौती देना चाहता है, तो उसके पास सर्वेक्षण का डेटा होना चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गयी है। बीते 2 अगस्त, 2023 को हाइकोर्ट में पारित आदेश में बिहार सरकार के फैसले को बरकरार रखा गया था। उच्च न्यायालय में जाति-आधारित सर्वेक्षण के फैसले को चुनौती दी गयी थी।

## पेंशन के लिए बच्चे को कर सकेंगी नामित

**सरकार ने महिला सरकारी कर्मचारियों को दी सुविधा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** महिला सरकारी कर्मचारी अब अपने एक बच्चे या बच्चों को पारिवारिक पेंशन के लिए नामित कर सकती हैं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार की ओर से बताया गया है कि वैवाहिक विवाद के मामलों में महिला कर्मचारियों को अब अपने एक बच्चे या बच्चों को पारिवारिक पेंशन के लिए नामित करने की सुविधा दी गयी है। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन देने की अनुमति देता है। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याणविभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने अब नियमों में संशोधन किया है और एक महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति की तुलना में अपने बच्चे/बच्चों को नामित करने की अनुमति दी है। डीओपीपीडब्ल्यू के सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि संशोधन पारिवारिक पेंशन मामलों में महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाता है।



## ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल

# राज्यों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत

- मध्यप्रदेश में हाइकोर्ट का सरकार को आदेश, हड़ताल खत्म करायें
- झारखंड समेत 10 राज्यों में दिखने लगा असर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देशभर के ट्रक ड्राइवर हिट एंड रन मामले में केंद्र सरकार के नये कानून के प्रावधानों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर हैं। कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल, फल-सब्जी और बाकी जरूरी चीजें नहीं पहुंच रही हैं। इससे इन सभी के दाम बढ़ने लगे हैं। पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी लाइनें लगी हैं।



इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिल सकता है। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुकने के आसार हैं, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो सकती है। झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत 10 राज्यों से पेट्रोल-डीजल पंप खाली होने और भीड़ लगने की खबरें हैं। चंडीगढ़ में शर्तों पर पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पुलिस की कस्टडी में पेट्रोल की सप्लाई की जा रही है। उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में ट्रक ड्राइवरों की पुलिस से झड़प हुई। ड्राइवरों को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। बिहार के हाजीपुर, राजस्थान के अजमेर, मध्यप्रदेश के खरगोन में भी पुलिस और प्रदर्शकारियों के बीच झड़प की खबरें सामने आयी हैं। उधर, हड़ताल के खिलाफ मध्यप्रदेश हाइकोर्ट में मंगलवार को दो याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि हड़ताल तुरंत खत्म करवा कर, परिवहन बहाल करवाये। नागपुर में देर रात तक पेट्रोल को लेकर मारा-मारी देखने को मिली। लोग पेट्रोल पंपों पर भारी संख्या में पहुंचे थे। उत्तरप्रदेश के लखनऊ में बस बंद होने से यात्री परेशान दिखे। उधर, राज्यों के विभिन्न शहरों में ट्रक एसोसिएशन के सदस्य जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर हिट एंड रन कानून को वापस लेने की मांग की।




सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |



# फिर अनिश्चितता के भंवर में फंस रहा है झारखंड

## ■ झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से झारखंड में राजनीतिक बवंडर

## ■ कल्पना सोरेन के सिर सत्ता का ताज सजने की अटकलें तेज

## ■ सीएम ने आज सत्ताधारी विधायक दल की बैठक बुलायी, धड़कनें बढ़ीं

झारखंड में नये साल के पहले दिन से राजनीतिक सरगर्मी अचानक तेज हो गयी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद अचानक राज्य में मुख्यमंत्री का चेहरा बदले जाने के कयास लगाये जाने लगे हैं। भाजपा का दावा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब कुर्सी छोड़ने का मन बना चुके हैं और बिहार में लालू प्रसाद की तर्ज पर अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के सिर ताज बांधने की तैयारी कर चुके हैं। उन्होंने इसी तैयारी के तहत गांडेय विधानसभा की सीट सरफराज अहमद से खाली करायी है, ताकि मुख्यमंत्री बनने के बाद छह महीने के अंदर कल्पना सोरेन वहां से चुनाव लड़ सकें। हालांकि भाजपा के दावों पर झामुमो कुछ भी बोलने से बच रहा है। इधर सरफराज अहमद ने प्रेस से बातचीत में दबी जुबान यह स्वीकार किया है कि जरूरत पड़ने पर वहां से कल्पना सोरेन चुनाव लड़ सकती हैं, यह सब कुछ पार्टी आलाकमान पर निर्भर है। वहीं गठबंधन सरकार में शामिल कांग्रेस ने जो संकेत दिया है उससे भाजपा का दावा सच हो सकता है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गांडेय विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे को रणनीति का हिस्सा बता कर संकेत दिया है कि सरफराज अहमद के इस्तीफे के पीछे पार्टी का जरूर कोई प्लान है। उन्होंने यह भी कहा कि यह इस्तीफा झारखंड के हित में दिया गया है। लेकिन इडी और इस्तीफे की तमाम अटकलों के बीच यह भी नोट करने लायक है कि यह चुनावी साल है। पहली छमाही में जहां लोकसभा चुनाव होने हैं, वहीं साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बातचीत में कहा कि हेमंत सोरेन को अब यह लगने लगा है कि वह किसी भी हाल में इडी से बच नहीं सकते, इसलिए उन्होंने कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी कर ली है। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने तो यहां तक कह दिया है कि अगर कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री बनती हैं, तो उनके लिए विधानसभा में बहुमत साबित करना आसान नहीं है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे तो हर क्षण कुछ न कुछ कहानी पोस्ट कर रहे हैं। इधर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में सीएम हाउस में हलचल बढ़ गयी है। मुख्यमंत्री आवास में बुधवार को सत्ताधारी विधायक दल की बुलायी गयी बैठक, अधिकारियों से विचार-विमर्श के बीच राज्य के महाधिवक्ता का सीएम आवास आना-जाना यह संकेत दे रहा है कि झारखंड में जल्द ही बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम होनेवाला है। अगर झारखंड में सत्ता परिवर्तन होता है, तो इतना तय है कि उसके बाद का माहौल बहुत सहज नहीं होनेवाला। जहां एक ओर झामुमो हर हाल में सरकार को स्थिर रखना चाहेगा, वहीं भाजपा हर हाल में इस सरकार को अस्थिर करना चाहेगी। एक बार फिर विधायकों की उछल-कूद से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे में झारखंड एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता के भंवर फंसेगा और यह राज्यहित में अच्छा नहीं होगा। मौजूदा राजनीतिक सक्रियता का असर आगामी लोकसभा और उसके बाद के विधानसभा चुनाव पर भी पड़ेगा। इसका कारण यह है कि अगर इडी हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई बड़ा कदम उठाती है या फिर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राजभवन में धूल फांक रहे चुनाव आयोग के लिफाफे को खोल कर कोई कदम उठाते हैं, तो सत्ताधारी दल निश्चित रूप से इस पर झारखंड के लोगों की सहानुभूति बटोरना चाहेगा और यह बताने की कोशिश करेगा कि कैसे एक आदिवासी मुख्यमंत्री को अस्थिर किया गया। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन की गैर मौजूदगी में भाजपा हर दांव चल कर सत्ताधारी दल की कमियों को उजागर कर जनता को यह विश्वास दिलाना चाहेगी कि कैसे इन लोगों ने राज्य को खोखला कर दिया है। मौजूदा राजनीतिक हलचल में आग दोनों तरफ लगी है। झामुमो में भी और भाजपा में भी। जाहिर है कि यह आग झामुमो के साथ-साथ भाजपा पर भी असर डालेगी। वैसे एक बात तय है कि झारखंड में यदि फिर कोई राजनीतिक अनिश्चितता पैदा होती है, तो यह राज्य के लिए बहुत बुरा होगा। क्या है झारखंड का वर्तमान राजनीतिक माहौल और सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद क्या संभावनाएं पैदा हो रही हैं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

झारखंड की राजधानी रांची में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है, लेकिन यहां की सियासी सरगर्मी लगातार बढ़ रही है। राजनीतिक प्रयोगशाला के रूप में दुनिया भर में चर्चित झारखंड की यह सियासी सरगर्मी राज्य को एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर की तरफ धकेलती नजर आ रही है। साल के पहले दिन ही झामुमो विधायक डॉ सरफराज अहमद के इस्तीफे की खबर से शुरू हुई इस सरगर्मी के बीच चर्चा है कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की ओर से भेजे गये सातवें समन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वैकल्पिक उपायों पर मंथन कर रहे हैं। उन्होंने इडी को जवाब भी भेज दिया है। कहा जा रहा है कि वह इडी को जवाब देने को तैयार हो गये हैं, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इधर राजनीतिक गलियारों में मंगलवार को पूरे दिन यह चर्चा तेज रही कि जरूरत पड़ने पर हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप सकते हैं। बता दें कि विधायक डॉ अहमद ने साल 2023 के आखिरी दिन अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा। 31 दिसंबर को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया और उस दिन किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह खबर तब सार्वजनिक हुई, जब साल 2024 की पहली तारीख को विधानसभा सचिवालय ने उनका इस्तीफा स्वीकार होने की अधिसूचना जारी की। डॉ अहमद ने इस्तीफे के फैसले के लिए व्यक्तिगत वजहों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं यह निर्णय लिया है। उन्हें किसी ने इस्तीफा देने को नहीं कहा। उन्हें लगा कि उनकी पार्टी झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर संकट आ सकता है, तो उन्होंने इस्तीफा देना ज्यादा मुनासिब समझा। वह पार्टी के सिपाही हैं और उनका निर्णय जाहिराना तौर पर पार्टी के हित में है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने यह सीट कल्पना सोरेन के लिए खाली किया है, लेकिन कहा कि उन्होंने पार्टी हित में अपना इस्तीफा दिया है। मौजूदा राजनीतिक सरगर्मी के बीच सत्ताधारी विधायक दल की बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में शाम साढ़े चार बजे बैठक बुलायी गयी है। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम में क्या कुछ करनेवाले हैं, यह साफ हो जायेगा। इस बैठक के बाद राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा आम हो गयी है कि इसमें कल्पना सोरेन के सिर ताज सजाने का फैसला हो जायेगा, लेकिन यह अभी तक चर्चा तक में सिमटा हुआ है।

मौजूदा घटनाक्रम के बीच जहां एक ओर मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा गठबंधन सरकार और खासकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमलावर है, तो दूसरी तरफ झामुमो ने इस पूरे प्रकरण पर चुप्पी साध रखी है। हालांकि पार्टी नेताओं ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के विकास के लिए काम कर रहे हैं और इडी केंद्र सरकार के इशारे पर उन्हें बेवजह तंग कर रही है। राज्य की जनता यह देख-समझ रही है। इसका जवाब भी देगी। एक अन्य नेता ने कहा कि हेमंत सोरेन ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े आदमी को आवाज दी है। वह उनके अधिकारों को सुनिश्चित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में झामुमो मजबूत हुआ है। इसलिए पार्टी उनके हर निर्णय के साथ खड़ी होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। झामुमो गठबंधन को विधानसभा में बहुमत है और अपना निर्णय लेने के लिए वह स्वतंत्र है।



### भाजपा का क्या कहना है

दूसरी तरफ भाजपा ने इस पूरे प्रकरण पर चुटकी ली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि डॉ सरफराज अहमद ने अपना इस्तीफा कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने के लिए दिया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इडी के समन से डरे हुए हैं। इसलिए वह सारे तिकड़म कर रहे हैं। बाबूलाल का दावा है कि सरफराज अहमद का इस्तीफा साबित करता है कि झामुमो जैसी वंशवादी पार्टियां परिवार के अलावा कुछ और नहीं सोच सकतीं। यही कारण है कि इडी की कार्रवाई और अपनी संभावित गिरफ्तारी से डरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विकल्प के तौर पर अपनी पत्नी कल्पना सोरेन का नाम आगे कर रहे हैं। वह चाहते तो झामुमो के किसी वरिष्ठ नेता को अपना उत्तराधिकारी बना सकते थे, लेकिन वह ऐसा नहीं करेंगे। भाजपा नेता ने तो यह भी दावा कर दिया है कि कल्पना सोरेन झारखंड की अगली मुख्यमंत्री बनेंगी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने अपने ट्वीट में यहां तक लिखा है कि सत्ताधारी विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री इस्तीफा देने की घोषणा करेंगे और कल्पना सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया जायेगा। आगे उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री राजभवन भी जायेंगे, जहां एक तरफ वह अपना इस्तीफा सौंपेंगे और दूसरी तरफ कल्पना सोरेन को नेता चुने जाने का पत्र सौंप कर शपथ ग्रहण के लिए आग्रह करेंगे।

### कांग्रेस की प्रतिक्रिया

झारखंड की सत्ता में झामुमो की सहयोगी कांग्रेस का कहना है कि पार्टी इंडी गठबंधन के सभी दलों के साथ खड़ी है और रहेगी। पार्टी झामुमो की सहयोगी है और बनी रहेगी। सरफराज अहमद अनुभवी नेता हैं। उन्होंने झामुमो से इस्तीफा नहीं दिया है। सिर्फ विधायकी छोड़ी है। उन्होंने यह निर्णय झामुमो और राज्य के हित में ही लिया होगा। सब जानते हैं कि इडी जैसी एजेंसियां पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर काम कर रही हैं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान किया जा रहा है। भाजपा बहुमत को लूटने के काम में लगी है, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी।

### क्या कहते हैं राजनीतिक विश्लेषक

झारखंड की सियासत पर नजर रखनेवाले विश्लेषक मानते हैं कि डॉ सरफराज अहमद का इस्तीफा अनायास नहीं है। यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सियासी चाल है, जिसमें विपक्ष फंस कर रह जायेगा। हेमंत सोरेन न केवल मुख्यमंत्री हैं, बल्कि वह अपनी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। उनकी पकड़ झामुमो पर भी काफी मजबूत है। ऐसे में अगर आनेवाले समय में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सरफराज अहमद द्वारा खाली की गयी सीट से विधानसभा का उपचुनाव लड़ जायें, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। अगर हेमंत सोरेन के लिए विपरीत परिस्थितियां पैदा हुईं, तो वह कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप सकते हैं और उन्हें शिबू सोरेन का भी आशीर्वाद मिल जायेगा। हालांकि कुछ विश्लेषक नहीं मानते कि डॉ सरफराज अहमद ने कल्पना सोरेन को चुनाव लड़ाने के लिए अपना इस्तीफा दिया है। इसका एक कारण यह है कि सरफराज अहमद अब वैसी हैसियत में नहीं हैं कि वह झामुमो से मोलभाव कर सकें। संभव है कि उन्होंने अपने लिए किसी और राजनीतिक विकल्प की तलाश कर ली होगी। इसलिए अपना इस्तीफा दिया हो। वह पहले भी कांग्रेस और राजद में रह चुके हैं। कुछ लोग तो यहां तक कह रहे हैं कि राज्यसभा में भेजे जाने के आश्वासन के बाद सरफराज अहमद ने विधायकी से इस्तीफा दिया है।

### क्यों बदली राजनीतिक परिस्थितियां

इडी ने 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक चिट्ठी भेज कर उनसे पूछताछ की मंशा जाहिर की थी। इडी ने लिखा था कि जमीन के दस्तावेजों में हेराफेरी से संबंधित एक मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री से पूछताछ जरूरी है। इसलिए वह (हेमंत सोरेन) दो दिनों के अंदर इसके लिए उपयुक्त जगह और तारीख की लिखित हर हाल में सूचना दें। अगर वह ऐसा नहीं करते, तो यह कानून का उल्लंघन होगा। मुख्यमंत्री ने इस समयावधि में इडी के पत्र का जवाब नहीं दिया। अब संभावना है कि इडी उनसे पूछताछ के लिए और कड़े विकल्प आजमाये, क्योंकि इडी ने अपने पत्र में इसे आखिरी समन के तौर पर लेने की बात कही थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इससे पहले भी छह समन भेजे गये थे, लेकिन वह किसी भी समन पर पूछताछ के लिए उपलब्ध नहीं हुए। उन्होंने इडी पर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर काम करने का आरोप भी लगाया। वह इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट भी गये थे। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाइकोर्ट भेज दिया था। झारखंड हाइकोर्ट ने उनकी याचिका पर यह कहते हुए सुनवाई नहीं की थी कि अब समन की तारीख बीत चुकी है। इडी ने इसके बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन करना जारी रखा। इडी उन्हें सात बार समन भेज चुकी है।

### क्या कह रहे हैं सीएम हेमंत सोरेन

1 जनवरी को जब रांची में सरफराज अहमद के इस्तीफे को लेकर सियासी बयानबाजी का दौर चल रहा था, तब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से दूर खरसावां में एक कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। वहां उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि समाज में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कभी जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों को उजाड़ने की कोशिश होती है, तो कभी सीएनटी और एसपीटी में छेड़छाड़ होती है। आदिवासियों की परंपरा, सभ्यता और संस्कृति पर भी हमला किया जाता है। लेकिन हम आदिवासियों के मान-सम्मान और स्वाभिमान से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने देंगे। आदिवासी समाज को जो भी तोड़ने का कोशिश करेगा, उसे माकूल जवाब दिया जायेगा। इससे पहले के कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री ने कहा था कि जब भी वह काम करना चाहते हैं, केंद्र सरकार उनके पीछे इडी लगा देती है, लेकिन वह गिरफ्तारी से नहीं डरते। 2024 चुनावी साल है, इसलिए तमाम घटनाक्रमों पर इस नजरिये से ध्यान देना जरूरी है। ऐसे में यदि इस समय झारखंड में कोई बड़ा राजनीतिक उलटफेर होता है, तो इसका असर निश्चित रूप से झारखंड पर पड़ेगा। अगर झारखंड में सत्ता परिवर्तन होता है, तो बाद की स्थितियां और जटिल होंगी। फिलहाल बुधवार को होनेवाली सत्ताधारी विधायक दल की बैठक पर पूरे झारखंड की नजर है। इस बैठक में राजनीतिक अटकलबाजी पर से परदा उठने की पूरी संभावना है।

---

**ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल**

# आवश्यक वस्तुओं की किल्लत नहीं होनी चाहिए : सीएम विष्णु देव साय

**जनता को दिक्कत नहीं हो, सुनिश्चित करें एसपी-डीसी सीएम विष्णु देव साय ने दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए आम जनता को आवश्यक वस्तुओं की किसी तरह की किल्लत न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ अधिकारियों और सभी जिलों के कलेक्टर-एसपी को निर्देशित किया है। उन्होंने ट्रकचालकों की हड़ताल के चलते प्रदेश में आम जनता को आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के संबंध में जमीनी स्थिति की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को आवश्यक वस्तुओं की दिक्कत हुई और इस वजह से कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी, तो कलेक्टर-एसपी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। मंत्रालय महानदी भवन से हुई इस वीसी में संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों के साथ जिलों के कलेक्टर और एसपी शामिल हुए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आमलोगों तक इसकी सही जानकारी पहुंचे और भ्रामक खबरें न फैले। अफवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाये। अधिकारी पेट्रोल, डीजल, दवाइयां, फल, सब्जी, अनाज की उपलब्धता की जानकारी लें और इसकी सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करे और स्थिति पर नजर बनाये रखे। प्रदेश और जिले स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया जाये, जो 24 घंटे संचालित हो। किसी भी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल कार्यवाही की जाये। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रशासन सभी स्टाकहोल्डरों से बात करें और देखें कि कहीं जमाखोरी तो नहीं हो रही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने परिवहनकर्ताओं द्वारा की जा रही आकस्मिक हड़ताल के मद्देनजर राज्य में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी सहित अन्य जरूरी वस्तुओं का परिवहन सतत जारी रखने, आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

साथ ही यह भी कहा कि राज्य में संचालित पेट्रोलियम-डीजल डिपो, एलपीजी डिपो में वाहनों के प्रवेश, निकासी में राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अमले की ड्यूटी लगायी जाये, ताकि किसी भी प्रकार का व्यवधान ना किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रदेश के किसी भी जिले में पेट्रोलियम-डीजल, एलपीजी सेवा वाहनों का परिवहन बाधित न हो। उन्होंने सभी टोल नाकों-चौकी में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही पेट्रोल-डीजल, घरेलू एलपीजी की सुचारू उपलब्धता, वितरण व्यवस्था के लिए ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय निगरानी दल गठित करने के निर्देश भी दिये हैं।

इस मौके पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा और संचालक खाद्य जीतेंद्र शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

**रूठे नेताओं को मनाने की कवायद शुरू**

# बीजेपी की कमेटी गठित

**लोकसभा** चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। कांग्रेस गठबंधन इडिया की बैठक के बाद आज बीजेपी ने लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर बैठक की है। इस बैठक में बीजेपी ने कमेटी का गठन किया है। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में पार्टी से असंतुष्ट नेताओं को लेकर चर्चा हुई। दरअसल चुनाव से पहले पार्टी अपने घर को मरम्मत करने का प्लान कर रही है। दरअसल चुनाव से पहले पार्टी अपने असंतुष्ट नेताओं से बातचीत करेगी। जिससे वो लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज कर सके।

**ये 8 सदस्य लगायेंगे विपक्षी दलों में सेंध :** बीजेपी ने लोकसभा चुनाव से पहले आज बैठक में एक 8 सदस्यों की कमेटी बनायी है। जिसमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडविया, असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा, महासचिव विनोद तावड़े, तरुण चुग और सुनील बंसल शामिल हैं। बीजेपी विपक्षी पार्टियों को तोड़कर अपनी टीम मजबूत करने की कोशिश में लगी हुई है। पार्टी के इस महीम में अलग- अलग राज्यों में कांग्रेस, सपा, बसपा में गये अपने नेताओं को वापस लाया जायेगा। बीजेपी की ये आठ सदस्यों की कमेटी ही तय करेगी कि किसको बीजेपी में लाना है और किसको नहीं।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.5 °c | 11.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.15 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.29 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## प्रदेश प्रभारी का भव्य स्वागत, कहा- झारखंड के लोग बहादुर

# इडी के डराने से कुछ नहीं होगा: गुलाम अहमद मीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर पहली बार दो दिवसीय रांची दौरे पर पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए गुलाम अहमद ने कहा कि झारखंड के लोग बहादुर हैं। यहां इडी के डराने से कुछ नहीं होगा। मोदी की सरकार कोई भी एजेंसी लगा ले, झारखंड में इसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पूरा देश जानता है कि जहां-जहां चुनाव नजदीक आते हैं, वहां इडी, सीबीआइ और न जाने कौन-कौन सी एजेंसी को लगा कर स्थिर सरकार को डराने का काम किया जाता है।

इससे पहले टर्मिनल से बाहर निकलते ही गुलाम अहमद मीर का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़े की आवाज से पूरा एयरपोर्ट गूंज उठा। एयरपोर्ट पर स्वागत करनेवालों में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, रांची नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजा, कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू सहित कई नेता, कार्यकर्ता मौजूद थे।



### अलग-अलग कार्यक्रम में होगी भागीदारी

गुलाम अहमद कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मंगलवार को स्वागत समारोह के अलावा प्रदेश कार्यालय में एक बैठक में शामिल हुए। बुधवार को विधायक दल के साथ बैठक करेंगे। यह बैठक प्रदेश कांग्रेस भवन में सुबह 10:30 बजे से होगी। इसमें गुलाम अहमद मीर बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा करेंगे।

### अल्पसंख्यक विभाग की ओर से भव्य स्वागत

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर का रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से अरगोड़ा चौक के पास भव्य स्वागत किया गया। अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी और महानगर अध्यक्ष हुसैन खान के नेतृत्व में पगड़ी एवं माला पहना कर ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया गया।

# अध्यक्ष होने के नाते कुछ भी कहना उचित नहीं: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जब बदलाव की बात होगी, तब वह अपनी बात रखेंगे। कहा कि बदलाव की बात होने पर वह बतायेंगे कि क्या और कैसे करना है। नेतृत्व को जो भी फीडबैक देना होगा, वह देंगे। नेतृत्व जो निर्णय लेगा, उससे अवगत कराया जायेगा। इसके बाद गठबंधन में सारी चीजें तय होंगी। राजेश ठाकुर ने कहा कि जब तक राजनीतिक परिस्थिति का आकलन नहीं कर लिया जाता, तब तक कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। जब तक गठबंधन से इस तरह की बात नहीं की जाती है, तब तक एक दल के अध्यक्ष होने के नाते कुछ भी कहना उचित नहीं है। परिवर्तन वाली बात पर कहा कि जब इस तरह की बात आयेगी, तो नेतृत्व को सोचना और तय करना होगा। राजेश ठाकुर ने कहा कि ये सारी बातें मीडिया में नहीं बतायी जाती हैं। गठबंधन के स्तर पर फैसले लिये जायेंगे। जो भी तय होगा वह सबसे पहले आपको ही बताया जायेगा।

# गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में राज्य में कांग्रेस सुदृढ़ होगी : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददात



**रांची।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव और झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर के कुशल मार्गदर्शन में झारखंड में कांग्रेस पार्टी की स्थिति और भी अधिक मजबूत होगी। श्री मीर के नेतृत्व में हम कांग्रेस की विचारधारा को जमीनी स्तर पर आम लोगों के बीच कहीं अधिक प्रभावी रूप में पहुंचा पायेंगे और इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी कहीं अधिक बेहतर सामंजस्य के साथ आम मतदाताओं के बीच में अपनी छवि के साथ ही अपने वैचारिक आधार को और भी ज्यादा प्रभावी बनायेगी। रांची पहुंचे मीर का बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर श्री तिर्की के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के प्रत्रांक संख्या सं. ईसीआर/सीएओ/कॉन/डब्ल्यू टी/ई.निविदा/दक्षिण/749 दिनांक 06.11.2023 (आपका प्राप्ति संख्या 01618 dt. 09.11.2023) के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धि–पत्र निर्गत की जाती है।

(1) उपरोक्त निविदा की अंकलित मूल्य ₹1101,85,28,898.52 के बदले संशोधित अंकलित मूल्य ₹ 966,99,03,111.48 पढा जाय।

(2) उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि 15.01.2024 at 12.00 hrs. बढ़ाई जाती है।

कोई भी परिवर्तन/शुद्धि सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/02000/सीओएनएस/अभि./सी/23–24/24

पूर्व मध्य रेल

खुली निविदा बैच संख्या 21/2023

दिनांक 28/12/2023

आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रु" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्निलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है। **क्रम. सं0 01 निविदा सं0** 39235735A, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण** : सप्लाई, ऑफ हाई टेंसिल AAR H टाइप टाइट लॉक कपलर कम्पलीट विथ ट्रांजीशन स्क्रू कपलिंग एंड बैलेंस्ड ड्राफ्ट गियर एंड ऑल अदर एसोसिएटेड कंपोनेंट्स, **मात्रा :** 11 Nos., **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय** : 27 दिसंबर 2023 17:26 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 25 जनवरी 2024 14:00 बजे, प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पार्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

**व. मंडल सामग्री प्रबंधक, पूमरे, धनबाद**

**पीआर/01994/डीएचएन/एसटीओआरई/टी/23–24/32**

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | विविध उलझनों का सामना होगा। परिश्रम-प्रयत्न से विघ्न-बाधाएं नष्ट होकर आर्थिक सफलता मिलेगी। |
| वृष | किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा, नवीन प्रयासों में सफलता। |
| मिथुन | परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | नौकरी-व्यापार में अनुकूल वातावरण, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| सिंह | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की लोकप्रियता बढ़ेगी और सत्ता-संगठन मंव महत्वपूर्ण स्थिति बनाने में कामयाब होंगे। |
| कन्या | नौकरी में उन्नति, बेरोजगारों को रोजगार के साधन उपलब्ध होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |
| तुला | परीक्षा-प्रतियोगिता,उच्चशिक्षा से सम्बद्ध युवाओं को अनुकूल परिणाम मिलेंगे। |
| वृश्चिक | नये उत्साह और उमंग की वृद्धि होगी,भूमि-भवन,वाहनादि के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। |
| धनु | बुद्धि-चतुरता-वाकपटुता से कठिन काम भी सहज ढंग से पूरे हो जाएंगें, विरोधियों, गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा। |
| मकर | रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में अच्छे समय का उपयोग करें, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| कुंभ | किसी काम को उतावली से न करें, अनावश्यक उलझनों से कष्ट होने की संभावना। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

## हिट एंड रन मामले से जुड़े नये कानून के खिलाफ प्रदर्शन


# ट्रक के साथ बस और ऑटो के पहिये थमे, परेशानी बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हिट एंड रन से जुड़े कानून के नये प्रावधानों के विरोध में अब बस और ऑटो ड्राइवर भी शामिल हो गये है। राज्य के प्रमुख बस और ऑटो पड़ावों में वाहनों को खड़े देखा गया।

जिन इलाकों में बस और ऑटो चल रहे हैं, वहां ट्रक ड्राइवर समर्थन मांग कर परिचालन बंद करने की मांग कर रहे हैं। राज्य के कुछ हिस्सों की स्थिति अब ऐसी है कि जहां मालवाहक वाहनों में लोड किये गये हैं, वहां अनलोडिंग नहीं हो रही है, जबकि राज्य में प्रमुख रूप से खाद्यान्न और अन्य जरूरी सामान दूसरे राज्यों से आते हैं। ऐसे में आनेवाले समय में संकट बढ़ने की संभावना है। राज्य के लगभग एक लाख ट्रक इस दौरान हड़ताल पर हैं, जबकि 95 फीसदी बस और ऑटो का परिचालन ठप देखा गया। बता दें कि राज्य में जमशेदपुर, मेदिनीनगर, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो में ट्रक ड्राइवरों ने वाहन रोक कर विरोध दर्ज कराया।

**ठप होगी सेवाएं :** मालवाहक गाड़ियों से लेकर पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन में ये वाहन बड़ी भूमिका निभाते हैं। खनिज से लेकर खाद्यान्न तक की आपूर्ति इन वाहनों से होती है। ऐसे में इन ट्रकों के बंद होने से राज्य में अलग-अलग सामानों की आपूर्ति में आनेवाले एक दो दिनों में असर देखा जायेगा। विशेष असर पेट्रोल-डीजल, सब्जी जैसी अति आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही में देखी जायेगी।



### क्यों है विरोध

केंद्र सरकार की ओर से हिट एंड रन मामले में नया कानून पेश किया गया है, जिसके मुताबिक अगर कोई भी डंपर या ट्रक चालक किसी को कुचल कर भागता है तो उसे दस साल की सजा होगी। वहीं, सात लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जायेगा। पहले इस मामले में अभियुक्त को कुछ दिनों में जमानत मिल जाती थी और वह जेल से बाहर आ जाता था। पुराने कानून के तहत दो साल की सजा का प्रावधान था, लेकिन नये कानून के तहत सजा की अवधि दस साल है, जिसका ट्रक चालक विरोध कर रहे हैं। ट्रक चालकों का कहना है कि दुर्घटना होने पर वे वाहन को इसलिए भगाते हैं कि भीड़ की हिंसा से बच सकें। दुर्घटना होते ही भीड़ उग्र हो जाती है। कई अवसरों पर तो ट्रक ड्राइवर की हत्या कर दी जाती है।

## 1000 करोड़ का अवैध खनन मामला

# दाहू यादव के बेटे राहुल ने इडी कोर्ट में किया सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** साहिबगंज जिला में हुए 1000 करोड़ के अवैध खान मामले में दाहू यादव के बेटे ने इडी कोर्ट में मंगलवार को सरेंडर कर दिया। राहुल यादव ने हाइकोर्ट के आदेश पर इडी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद कोर्ट ने उसे 5 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। हाइकोर्ट में उसने नन बेलेबल वारंट को चुनौती दी थी। हाइकोर्ट ने दाहू के बेटे को निर्देश दिया था कि वह 2 जनवरी को इडी की विशेष अदालत में उपस्थित हो और अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखे। राहुल यादव को अवैध खनन मामले में इडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ था। इसके बाद इडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था।

# हिट एंड रन कानून चालकों के लिए डेथ वारंट : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस नेता आलोक दुबे ने कहा कि हिट एंड रन कानून वाहन चालकों के लिए डेथ वारंट के जैसा है। इस कानून के माध्यम से छोटे-छोटे ट्रांसपोर्ट बंद कर अडानी और अंबानी के हाथों पूरी व्यवस्था सौंपने की साजिश है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार के इस काले कानून का सड़क पर उतरकर व्यापक विरोध किया जायेगा। डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने केंद्र सरकार की ओर से लागू कानून का विरोध किया गया। चालक और संबंधित एसोशिएशन द्वारा राज्यव्यापी और देशव्यापी हड़ताल का समर्थन किया है।

# स्कॉटिश ओपेन में बुधिया बनी चैंपियन



रांची (आजाद सिपाही)। स्कॉटलैंड में 28 से 30 दिसंबर तक स्कॉटिश ओपेन स्क्वॉश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में झारखंड के रांची की आद्या बुधिया चैंपियन बनी। आध्या के कोच पुनीत पारीक, नीतेश पाल, विजय उरांव और उदय चंद्र राय की अहम भूमिका रही। क्रॉस कोर्ट की मेंटर श्वेता बुधिया ने कहा कि ब्रिटिश जूनियर ओपन में भी आद्या बुढ़िया का अच्छा परफॉर्मेंस रहेगा। इसका आयोजन 7 जनवरी के बीच होने वाला है।

## आवासीय प्रमाण पत्र में फर्जीवाड़ा

# होमगार्ड में करायी जा रही बहाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होमगार्ड में बहाली करानेवाला सिंडिकेट सक्रिय है। झारखंड का स्थानीय निवासी नहीं होने के बावजूद फर्जी कागजात के आधार पर आवासीय प्रमाण पत्र बना कर उनको होमगार्ड में बहाल कराया जा रहा है। रांची और धनबाद जिला के होमगार्ड बहाली में ऐसा ही मामला सामने आया है। धनबाद जिला में होमगार्ड बहाली के लिए वर्ष 2017 में विज्ञापन निकला था। इस बहाली में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर सरकार ने धनबाद बहाली को रद्द कर दिया था। इसके अलावा रांची जिला में होमगार्ड बहाली के लिए वर्ष 2016 में विज्ञापन निकला था। इस बहाली में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर पूर्व डीजी एमबी राव ने बहाली को रद्द करने की अनुशंसा गृह विभाग से की थी।

इस पर गृह विभाग ने समीक्षा करते हुए नगड़ी और इटकी प्रखंड की मेधा सूची को रद्द करते हुए नये सिरे से मेधा सूची प्रकाशित करने का आदेश दिया था। एक बार फिर गड़बड़ी एवं अनियमिता का मामला सामने आया। इस बार होमगार्ड विभाग द्वारा 3 मार्च से रांची जिला के नवचयनित अभ्यर्थी को बुनियादी प्रशिक्षण में भेजने का आदेश दिया गया है। अभ्यर्थियों की जो सूची प्रकाशित की गयी है, उसमें वैसे लोगों का नाम अंकित है, जो झारखंड के रहनेवाले नहीं हैं। इन लोगों ने फर्जी कागजात के आधार पर स्थानीय प्रमाण पत्र बना कर होमगार्ड का फॉर्म भरा था। उदाहरण के रूप में रांची जिला के बुनियादी प्रशिक्षण में भेजे जानेवाली सूची में ऐसे अभ्यर्थी का नाम है, जिसका धनबाद जिला की मेधा सूची में भी नाम प्रकाशित हुआ था।

# होटवार जेलर पहुंचे इडी ऑफिस, हुई पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार के जेलर प्रमोद कुमार मंगलवार को इडी ऑफिस पहुंचे। जिसके बाद इडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। दरअसल शराब घोटाले मामले में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी के नाम पर प्रभात खबर अखबार के प्रधान संपादक को धमकाया गया था। उसके बाद इडी ने जेल से अलग-अलग नंबरों से धमकी दिये जाने के मामले को गंभीरता से लिया और 30 दिसंबर 2023 को जेलर को समन जारी कर 2 जनवरी को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था।

# ब्रदर्स एकेडमी का ग्रैंड-स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट जी-सैट 7 जनवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी की ग्रैंड-स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (जी-सैट-24) 7 जनवरी को नये सत्र के लिए ऑफलाइन मोड में होगा। नये सत्र के लिए 9 अप्रैल शुरू होगा। जी-सैट आवेदन पत्र ऑनलाइन http://www.brother-sacademy.co.in/admissions.php पर भरा जा सकता है। साथ ही आवेदन पत्र रांची में लालपुर या डोरंडा परिसर से भी प्राप्त किये जा सकते हैं और भरे जा सकते हैं। यह जानकारी ब्रदर्स एकेडमी के निदेशक पारस कुमार अग्रवाल ने दी। बताया कि जी-सैट के सभी प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जायेगी। वर्तमान में कक्षा 7, 8, 9 और 10 में पढ़ रहे छात्र नियमित स्कूली अध्ययन के साथ आइआइटी-जेइइ और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन का लक्ष्य मानते हुए एक साल/ तीन साल/चार साल/पांच साल: फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़नेवाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी-जेइइ / नीट (मेडिकल) के लिए 2 साल के पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 10 पास करने के बाद 2 साल के लिए इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सघन प्रशिक्षण के साथ कक्षा 11 और 12 के अपने नियमित स्कूल सिलेबस को भी पढ़ाया जायेगा।

# भू-अर्जन मुआवजा राशि का भुगतान नहीं, राज्यपाल लें संज्ञान : डॉ लंबोदर महतो

### राज्यपाल से मिले गोमिया विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान अधिग्रहित भूमि के बदले मुआवजा राशि का भुगतान पूर्व वन भूमि अपयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देने, अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट को जिला बनाने को लेकर किये जा रहे आंदोलन को सम्मानजनक तरीके से समाप्त कराने का अनुरोध किया। उन्होंने राज्यपाल को अवगत कराया कि एनएचआइ द्वारा स्वीकृत भारतमाला परियोजना के तहत बनारस से कोलकाता सिक्स लेन पथ में भू- अर्जन एवं वन भूमि अपयोजन की स्थिति अत्यंत खराब है, जिसके कारण इन पथों के निर्माण कार्य में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसी प्रकार भारत सरकार के एनएचआइ द्वारा स्वीकृत जैना मोड-गोला फोर लेन पथ में भी भू -अर्जन की राशि एवं वन भूमि अपयोजन की स्थिति खराब है। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि 6 दिसंबर से बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी है। विधायक के साथ राज्यपाल से मिलनेवालों में समाजसेवी कौशल्या देवी एवं पर्वतारोही शशि शेखर भी थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# प्रदेश प्रभारी का रोहित सिन्हा ने किया स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर से युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने रांची स्थित राजकीय अतिथिशाला में मुलाकात कर उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने युवाओं से गर्मजोशी से परिचय कराया।

# पीएमजीएसवाइ फेज थ्री से पांच सड़कें बनेंगी

**47 करोड़ की लागत बनेगी सड़क, मिली मंजूरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पीएमजीएसवाइ फेज तीन से पांच सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है। खूंटी, कोडरमा, पलामू जिला के लिए ये सड़कें स्वीकृत हुई हैं। सभी सड़कें काफी लंबी हैं। अमूमन पीएमजीएसवाइ से तीन से चार किमी रोड का ही निर्माण होता है, लेकिन इस बार अधिक लंबी सड़क बनायी गयी है। केंद्र सरकार ने इसका क्लीयरेंस दिया है।




जेएसआरआरडीए ने इसके निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की है। सभी सड़कों की लंबाई 44 किमी है, जिसके निर्माण में 47 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

# अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे वेद प्रकाश के निधन पर शोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो वेद प्रकाश नंदा के निधन पर विद्यार्थी परिषद ने शोक जताया है। प्र. वेद प्रकाश नंदा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को एक राष्ट्रव्यापी संगठन बनाने के लिए किये गये अनेक सफल प्रयत्नों में सहभागी रहे हैं। एक कुशल संगठनकर्ता के साथ उनका जीवन सादगी से परिपूर्ण था। प्रो नंदा ने भारतीय विचारों की अलख जगाने का कार्य किया। उनके निधन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण




शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत, मिलिंद मराठे ने शोक जताया।

## टेंडर हार्ट के देवराज ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीते 2 ब्रोंज मेडल

**रांची(आजाद सिपाही)।** टेंडर हार्ट के देवराज ने नेशनल ट्रेडिशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो ब्रोंज मेडल में कब्जा जमाया। 30-31 दिसंबर को संत जेवियर स्कूल रांची में आयोजित नेशनल ट्रेडिशनल कराटे चैंपियनशिप में देवराज ने क्रमशः कोटो, कुमुटी कैटेगरी में तृतीय स्थान हासिल कर ब्रोंज मेडल अपने नाम किया।



टेंडर हार्ट में 8वीं कक्षा में अध्ययनरत देवराज ने सफलता का श्रेय पूरे विद्यालय परिवार को दिया है। देवराज की इस उपलब्धि पर टेंडर हार्ट के चेयरमैन सुधीर तिवारी, प्राचार्या उषा किरण झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए देवराज के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

## विधायक सीपी सिंह ने किया कार्निवल का समापन

# धूम-धड़ाके के साथ कार्निवल का समापन

**पत्नियों के सामने खोली गयी पतियों की पोल**

**खइके पान कंपटीशन में महिलाओं ने जमकर खाया पान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में कार्निवल के अंतिम दिन मंगलवार को भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। कार्निवल के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह उपस्थित रहे। श्री सिंह ने कहा कि इससे बच्चों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना बढ़ती है। रांचीवासियों को स्वस्थ मनोरंजन का मौका मिलता है। उन्होंने कहा की मछली घर लोगों का पसंदीदा घूमने के जगहों में एक है। उन्होंने विजेताओं और वॉलिंटियर्स को सर्टिफिकेट और मोमेंटो भी प्रदान किया।

मंगलवार को सबसे पहले स्टोरी टेलिंग कंपटीशन आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने जमकर हिस्सा लिया और स्टोरी सुनायी। मम्मी नू पसंद (मॉम विद किड्स फैशन शो) में महिलाएं अपने बच्चों के साथ शामिल हुईं। खाई के पान (पान इटिंग कंपटीशन) में काफी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और जमकर पान खाया।

लाइ डिटेक्टर मशीन पर पतियों को बैठा कर उनसे पत्नियों के




सामने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, पूर्व प्रेमिका और कई तरह के सवाल पूछे गये। झूठ बोलने पर मशीन से गाना बजता था। झूठ बोले कौवा काटे गाना। दर्शक इस कार्यक्रम को देखकर लोटपोट हो गये। चॉकलेट इटिंग कंपटीशन में सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। ' मेरे हाथों में नौ-नौ चूड़ियां' (बेस्ट बैंगल प्रतियोगिता) में बड़ी संख्या में महिलाओं ने रैंप पर चलकर अपनी चूड़ियां दिखायीं। देर शाम' स्टैंड अप कॉमेडी शो का आयोजन किया गया। लाइव रिपोर्टिंग कंपटीशन में बच्चों ने अपना रिपोर्टिंग का हुनर दिखाया।

## प्रतियोगिता के विजेता

**स्टोरी टेलिंग कंपटीशन** - सानिध्य, प्रियांशु, आस्था

**जैम** (जस्ट ए मिनट)शो

**मम्मी नू पसंद** (मॉम विद किड्स फैशन शो) -मोनिका एंड किड्स, ज्योति एंड किड्स, नेहा एंड किड्स

**खईके पान** (पान इटिंग प्रतियोगिता) -

बबली, प्रियंका, प्रतिमा देवी

**लायर लायर कंपटीशन** - संजीव कुमार सिंह, शेखर कुमार

**चॉकलेट इटिंग कंपटीशन** - अविनाश, आर्यन, सिद्धार्थ, तुषार

**मेरे हाथों में नौ-नौ चूड़ियां है (बेस्ट बैंगल कंपटीशन)** - प्रिया, अनिता, सुमिता

## इनकी रही भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतुल शाहदेव, डॉ विद्या झा, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, राहुल शाहदेव, सौरव, आनंद आदि सक्रिय रहे। इवेंट्स का आयोजन सिनेमेट्रिक्स के द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य रूप से अभिषेक, अनुष्का, खुशबू, सौम्या, आकाश, आदित्य, पियूष, अभिषेक, शिवेश, आकाश, शगुन, अंशु, सलोनी सत्यम सक्रिय रहे।

# आपन तेज सम्हारो आपै, तीनों लोक हांक ते कांपै...

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आपन तेज सम्हारो आपै, तीनों लोक हांक ते कांपै...के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 83वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी, आशा मोदी ने परिवार संग हनुमान महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना-फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया।



श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा फल प्रसाद पल्लव अग्रवाल ने केसरिया पेड़ा पुष्पा देवी पोद्दार निवेदित की। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ और पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक, डफली, झांझ, करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार, श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

## आज बाबा का दिव्य श्रृंगार

रांची। बाबा श्याम सहित सभी देवी-देवताओं और गुरूजनों का दिव्य मनोरम श्रृंगार बुधवार को किया जायेगा। दीपाटोली कोकर निवासी अजीत अग्रवाल, चंचल अग्रवाल के पुत्र शिवम अग्रवाल के जन्मोत्सव के अवसर पर अग्रवाल परिवार द्वारा श्रृंगार सेवा निवेदित की जायेगी।


## शनिवार को श्री श्याम भंडारा

रांची। शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 94वां श्री श्याम भंडारा शाम पांच बजे से होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है।

# जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म प्रत्यक्षा का चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 16वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेगूसराय में सर्व सिद्धि फिल्म्स के बैनर तले बनी हिंदी फीचर फिल्म प्रत्यक्षा का ऑफिसियल सलेक्शन हुआ है। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इस फिल्म में अभिनेता, अभिनेत्री, लेखक और निर्देशक सभी बेगूसराय के ही हैं। साथ ही इस पूरी फिल्म की शूटिंग बेगूसराय आइटीआइ लभरचक रामदीरी में




हुई थी। प्रत्यक्षा एक ऑफबीट और प्रयोगात्मक फिल्म है। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल विश्व की बिगेस्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में से एक है। इस फिल्म फेस्टिवल में विभिन्न देशों से भारत को मिलाकर 62 देशों से 2271 फिल्में आयी थीं, जिसमें से 37 देशों से सिर्फ 255 फिल्मों को 12 देशों के 19 जुरी सदस्यों ने विभन्न कैटेगरी के लिए फिल्में चुनी हैं। फिल्म में सिर्फ तीन कलाकार हैं। इस फिल्म से श्वेता कश्यप डेब्यू कर रही हैं।

# डॉ उमेश कुमार बने मारवाड़ी कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ उमेश कुमार को मारवाड़ी कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार समेत अन्य ने बुके देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि परीक्षाओं का समय से संचालन, तय सीमा के अंदर परीक्षा परिणाम की घोषणा ही एक सफल परीक्षा संचालक का कर्तव्य है। समय पर प्रकाशित परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा और कैंपस प्लेसमेंट में मददगार साबित होगी।

# 9 जनवरी से प्रीमियम विंटर और वेडिंग लाइफस्टाइल एग्जीबिशन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नये साल का ग्रेड एग्जीबिशन का आयोजन रांची में होगा। इसमें देशभर से जाने माने डिजाइनर बेस्ट एंड एक्सक्लूसिव कलेक्शन लेकर आयेंगे। एग्जीबिशन का आयोजन 9 और 10 जनवरी को होटल कैपिटल हिल में किया जायेगा। मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली, पंजाब, हैदराबाद, कोलकत्ता, सूरत से रियल ज्वेलरी के डिजाइनर्स आयेंगे। नये प्रीमियम कलेक्शन, शादी के समय को देखते हुए जनवरी में रांची वासियों के लिए नयी शुरुआत नये साल में नये फैशन ट्रेड देखने को मिलेगा। यहां पर अच्छे कलेक्शन की भरमार होगी। एग्जीबिशन में ब्राइडल कलेक्शन, वेस्टर्न, एडो वेस्टर्न, सेलिब्रिटी कलेक्शन, होम डेकोर, रियल ज्वेलरी, एथिनिक वियर, आने वाले त्योहारों और शादियों को देखते हुए उपलब्ध होगा। पसंदीदा कपड़े, ज्वेलरी, शादी के लिए लहंगा और डिजाइनर्स ड्रेसेज कस्टमाइज करवा सकते हैं। यह जानकारी रीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल और रिषिका नागपाल ने दी।

# जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता आज से शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति की ओर से 3 जनवरी से 5 जनवरी तक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता होगी। इसे लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में तैयारी पूरी कर ली गयी है। बुधवार को सुबह नौ बजे से मैच शुरू होगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अमर कुमार बाउरी होंगे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि कई वर्षों के बाद जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता होने जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा, जगलाल पाहन, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विश्वास उरांव, डब्ल्यू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मुकेश मुंडा, सूरज टोप्पो, मोहन तिर्की, मुन्ना हेंबोम, विशाल मुंडा, महावीर उरांव, मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## झीरगा उरांव मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट

**रांची (आजाद सिपाही)।** युवा प्रगति क्लब, तिरिल कोकर द्वारा झीरगा उरांव फुटबॉल मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें 8 फुटबॉल टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में विधानसभा पानी टंकी, धुर्वा विजेता, एफसी,



सरना टोली, तिरिल उपविजेता रही। दोनों टीमों को खस्सी देकर सम्मानित किया गया, जिसमें शनिचरवा उरांव, संतोष महतो, विकास उरांव, रमेश कच्छप, शनि तिर्की उपस्थित थे।

## जेसीआइ यूथ ने वृद्धों से आशीर्वाद लिया



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी नंदराज बरियातू स्थित वृद्धा आश्रम में अरवा चूड़ा, गुड़, तिलकुट और फल वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस आश्रम में 55 की संख्या वृद्धजन हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेसीआइ रांची यूथ की नवनियुक्त अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, मोनिका, विकास, परविंदर शामिल थे।

## सुविधा : प्रथम फेज में बड़े-छोटे 424 वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा

# मई में राजधानी को मिलेगी ट्रांसपोर्ट नगर की सौगात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मई महीने के अंत तक ट्रांसपोर्ट नगर की सौगात रांचीवासियों को मिल जायेगी। इसका काम तेजी से चल रहा है। रांची के सुकुरहुटू क्षेत्र में 40.68 एकड़ भूमि पर ट्रांसपोर्ट नगर की योजना को धरातल पर उतारने के लिए तेजी से काम चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आइडेक द्वारा तैयार किये गये डिजाइन पर ही कंस्ट्रक्शन कंपनी केएमबी मूर्त रूप दे रही है। अब तक एकीकृत भवन और दो वेयर



हाउस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। तीन तलों में छोटे से लेकर बड़े वाहनों के खड़ा करने के तीन लेबल का प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। खास बात यह है कि जो यहां पत्थर का गेवियन वाल बन रहा है, वह पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। इसकी जोड़ाई में कही भी सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है। प्रथम फेज में बड़े-छोटे 424 वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा।

## ऐसी होगी व्यवस्था

बाहर से आने वाले वाहनों की सामग्री को रखने के लिए दो लेबल के वेयर हाउस भी बन चुके हैं। लेबल एक वेयर हाउस 6176 वर्ग मीटर तथा वेयर हाउस दो 3900 वर्ग मीटर का बन गया है। बाहर आने वाले वाहनों की सामग्री इसी वेयर हाउस में खाली कर ट्रक चालक मुक्त हो जायेंगे। अब ट्रांसपोर्टर छोटे वाहनों से इसे जगह तक पहुंचायेंगे।

## ड्राइवर और खलासी को मिलेंगी सुविधाएं

जी प्लस 3 एकीकृत भवन में ट्रांसपोर्टरों और अन्य के लिए 16 ऑफिस का प्रावधान किया गया है। ड्राइवर और खलासी के आराम करने के लिए 180 बेड की डोरमेट्री और 150 लोगों के बैठने के लिए फूड कोर्ट भी रहेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, टू वे ब्रिज, सर्विस स्टेशन, वाइ-फाइ, लैंड स्केपिंग और मनोरंजन के लिए स्थान उपलब्ध रहेगा।

## फूड कोर्ट में 150 लोगों के बैठने की क्षमता

ट्रांसपोर्ट नगर में 150 लोगों के बैठने की क्षमता का फूड कोर्ट भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा 17 खुदरा दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी भी होगी। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के साथ दो वेयर हाउस का भी निर्माण किया जा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## देश में 10 करोड़ परिवारों को निमंत्रण
# पांच लाख मंदिरों में होगा कार्यक्रम : विनायक राव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में घर-घर जाकर अयोध्या से आया पूजित अक्षत को देकर निमंत्रण दिया जा रहा है। झारखंड प्रांत के सभी जिलों में मंगलवार को हजारों गांव और नगरीय क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान को गति देने के लिए विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे का प्रवास रांची में हुआ। उन्होंने रांची के हटिया क्षेत्र में स्वयं घूमकर प्राण प्रतिष्ठा के दिन धार्मिक-आध्यात्मिक अनुष्ठान करने और प्राण प्रतिष्ठा के बाद के आरती अपने-अपने निकटतम मंदिर के कार्यक्रम में ही करने का आग्रह किया। साथ ही अपने क्षेत्र को अयोध्या मानकर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम करने काआग्रह किया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश के 10 करोड़ परिवारों तक कार्यकर्ता निमंत्रण देंगे और पांच लाख से अधिक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, आरती एवं दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में लगभग 25 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राम मंदिर को लेकर विदेश में रह रहे हिंदू समाज में भी काफी उत्साह है। अमेरिका के सात सौ मंदिर सहित अनेक देशों में स्थित सैकड़ों मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जायेगा।

उन्होंने हटिया क्षेत्र में अद्वैत स्वरूप आश्रम तुपुदाना के स्वामी अमर महाराज और राष्ट्रपति के द्वारा अमृत पुरस्कार प्राप्त महावीर नायक को निमंत्रण देते हुए अयोध्या आने का आग्रह किया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख जुगल किशोर, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, बजरंग दल विभाग संयोजक प्रिंस अजमानी, बजरंग दल मिलन केंद्र महानगर प्रमुख मुकेश गिरि सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मतदाताओं के प्रपत्र की उपायुक्त ने की चेकिंग

### बैडमिंटन खिलाड़ी लवण्या होंगी ब्रांड एंबेसडर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विधानसभा क्षेत्र और कांके विधानसभा क्षेत्र में पड़नेवाले मतदाताओं के प्रपत्र की उपायुक्त ने मंगलवार को सुपर चेकिंग की। इस दौरान उपायुक्त ने रामेश्वरम अपार्टमेंट रेडियम रोड, उर्दू मध्य विद्यालय कर्बला चौक, गाड़ीगांव होटवार, कांके, चित्रा करुणा अपार्टमेंट बरियातू, बोड़ेया पहुंच कर कुछ मतदाताओं के प्रपत्र की सुपर चेकिंग की। उपायुक्त सुपर चेकिंग क्रम में चित्रा करुणा अपार्टमेंट बरियातू रोड रांची पहुंचे, जहां मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए लवण्या सिंह के प्रपत्र की चेकिंग करने के क्रम में उनके द्वारा उन्हें बताया गया कि वह राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। इस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने खुशी जाहिर करते हुए उनसे कहा कि आप मतदान अवश्य रूप में करें। इसके साथ उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि लवण्या सिंह राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। इन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाने का प्रस्ताव बना कर दें, ताकि युवाओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दावा आपत्ति तिथि का परिवर्तन करते हुए इसे बढ़ा कर 12 जनवरी 2024 तक कर दिया गया है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 22 जनवरी 2024 कर दी है। इसमें योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए अपने बीएलओ से संपर्क कर और ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन किया जा सकता है। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से वोट करने की अपील करते हुए कहा है कि सभी अपना वोट देकर अपने मताधिकार का निश्चित रूप से उपयोग करें। मौके पर संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# भारत रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष बने विपिन सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हटिया निवासी विपिन सिंह को भारत रक्षा मंच का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। भारत रक्षा मंच के प्रदेश संयोजक श्याम किशोर सिंह के निर्देश पर ये नियुक्ति की गयी।

प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर विपिन सिंह ने बताय कि देश के सबसे बड़े युवा भारत रक्षा मंच का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने पर श्याम किशोर सिंह का आभार जताया। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष पद की गरिमा और सम्मान बनाये रखते हुए संगठन की ओर से दी गई जिम्मेदारियों को निभाने का प्रयास किया जायेगा। संगठन की मजबूती को लेकर पूरा योगदान देंगे। कार्यकाल के दौरान पद का व्यक्तिगत और राजनीतिक उपयोग, अनुशासन हीनता या किसी भी तौर पर संगठन की नुकसान नहीं पहुंचायेंगे। इस मौके पर योगेश सिंह,भारत रक्षा मंच के प्रदेश संरक्षक रतन शर्मा, एवीएन ओपी सिंह, विनोद विनायक, विनित, राकेश, धर्मेंद्र, मनोज एवं अन्य उपस्थित रहे।

# बच्चों ने आचार्यकुलम परिवार का बढ़ाया मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नवदेहली केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित, जगदीश नारायण ब्रह्मचर्य आश्रम आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, लगमा, दरभंगा, जिले में बिहार - झारखंड राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा 26-27 दिसंबर को आयोजित की गयी। इसमें बिहार तथा झारखंड से 107 छात्र - छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया था, जिसमें आचार्यकुलम नामकुम रांची से श्रीमद्भागवत गीता कंठ पाठ में गत वर्ष कि भांति इस वर्ष भी आद्या विश्वकर्मा ने प्रथम एवं सुभाषित कंठ पाठ में माहेश्वरी मोहंता ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर झारखंड राज्य तथा आचार्यकुलम परिवार का मान बढ़ाया है। दोनों छात्राओं ने साध्वी देवेष्टि जी के सानिध्य में संपूर्ण शास्त्र कंठस्थ किये हैं। प्रतियोगिता में जाने से पूर्व पूज्य स्वामी दिव्य देव एवं प्राचार्या का मार्गदर्शन भी सराहनीय है। इन दोनों छात्राओं का चयन वर्ष 2024 में होने वाली राष्ट्रीय स्तर कि प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

# 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड टीम जयपुर के लिए रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जयपुर के सुरेश ज्ञान विहार विश्विद्यालय में 4 से 6 जनवरी तक स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम स्कॉय एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रही 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड की बालकव्र बालिका टीम जयपुर के लिए रवाना हुई। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के खिलाड़ी प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं एवम कैटेगरी में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे।

बतौर टीम डेलीगेट्स टीम के साथ रवाना हुए वेदांत कोस्तव ने कहा कि टीम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सुसज्जित है। खिलाड़ी और एसोसिएशन दोनो ही आशान्वित हैं की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक की होड़ में झारखंड भी शामिल होगा। उन्होंने खिलाड़ियों को भी अनुशासन और खेल भावना के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से फाइट करने और अपने मजबूत पक्ष को ध्यान में रखकर प्रतियोगिता के लिए रणनीति बनाने हेतु खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

**प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड स्कॉय टीम इस प्रकार है – पुरुष वर्ग :** आकाश शीट, अंकित कुमार नायक, दीपक कुमार, ऋषभ शुक्ला, मुन्ना टुड्डू, नौशाद आलम, अजय वाल्मीकि, सूर्या कुमार रवि, विकास कुमार।

**महिला वर्ग :** कुनामी सोरेन, सुष्मिता सोरेन, बसंती टुड्डू, सीमा रानी मांडी, शांति मोनी सोरेन, नेहा सिंह, सबिता मुर्मू, बसंती महतो, पार्वती महतो, सुमन एक्का, जयमती कुंटिया, पूजा तिर्की, चांदना महतो, शिवानी राय।

**प्रशिक्षक :** बलराम कुमार।

**प्रबंधक :** नीरज वर्मा।

**बधाई दी :** टीम के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. राजेश गुप्ता, मोहसिन खान, मुकेश कुमार, हरेलाल महतो, भरत कांशी, आशुतोष गोस्वामी, आनंद राव, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, सुनील जयसवाल, अशोक मल्होत्रा, नीतीश सिंह, मो. आमिर, रंजित मेहता, राम प्रवेश तिवारी, परवाज खान, गौतम सिंह, सुनील प्रसाद, क्वीन ठाकुर, शुभम कुमार, अभिषेक शुक्ला आदि ने बधाई दी है।

# जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार मोमेंटो का अनावरण



### वित्त मंत्री आज पुरस्कार का करेंगे वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर तीन जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। इसी क्रम में मंगलवार को मोमेंटो का अनावरण किया गया। इस समारोह में विभिन्न खेल से जुड़े खिलाड़ियों, कोच, खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी मंगलवार को उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक सह अध्यक्ष रितेश उरांव, सचिव निरंजन भारती, खेल प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो ने दी। उन्होंने कहा कि झारखंड का सर्वोत्तम खेल पुरस्कार जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार मोमेंटो का अनावरण जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समिति की ओर से किया गया।

रितेश उरांव ने कहा कि पुरस्कार का उद्देश्य मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जीवन गाथा को जन-जन तक पहुंचना और असाधारण खेल से विश्व पटल पर देश और राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को समाज के भीतर गौरवशाली सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल होंगे। वित्त मंत्री सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देंगे। कांके स्थित सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में समारोह आयोजित होगा।

# झारखंड की बेटियों ने दिया न्यू इयर गिफ्ट

- राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालिका हॉकी में किया कमाल
- छत्तीसगढ़ को 6-0 से दी मात, बालक वर्ग ने भी जीता रजत पदक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 28 दिसंबर 2023 से एक जनवरी तक चले 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालिका-बालक वर्ग हॉकी मुकाबले में झारखंड की बेटियों ने कमाल कर दिया। सदीपा तिर्की की कप्तानी में बालिका टीम ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से मात देकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। झारखंड की बालिका टीम से कप्तान संदीपा कुमारी ने दो गोल, पुष्पा मांझी ने एक, सुष्मिता गुड़िया ने एक, सुगन सांगा ने एक और सीमा तिर्की ने एक गोल कर मैच को 6-0 से जीत लिया। इस टूर्नामेंट में झारखंड की बालिका टीम तीसरे पायदान पर रही।

**बालक वर्ग ने भी किया शानदार प्रदर्शन :** 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालक वर्ग हॉकी में झारखंड की बालक टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम कर लिया। झारखंड और ओड़िशा के बीच खेले गये फाइनल मैच में निर्धारित समय सीमा तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी, अंत में पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसमें ओड़िशा ने पांच और झारखंड की टीम ने चार गोल किये। टूर्नामेंट में रजक पदक जीत कर बालक टीम इस टूर्नामेंट की उप विजेता बन गयी।

# हृदयनाथ के निधन पर प्रदेश भाजपा नेताओं ने जताया शोक



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा के वर्ष 2005 तक संगठन महामंत्री रहे हृदयनाथ सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और कहा कि प्रभु उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। परिजनों को धैर्य और साहस प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, राज पालिवाल, विनोद शर्मा, प्रणव वर्मा, सुनील सिंह, जेपी पटेल, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, मुनेश्वर साहू, नवीन जयसवाल आदि शामिल थे।

# सेपक टकरा प्रतियोगिता के निर्णायक बने अमरेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के पदाधिकारी और नेशनल तकनीकी पदाधिकारी अमरेंद्र द्विवेदी पटना में आयोजित स्कूली सेपक टकरा गेम्स के तकनीकी पदाधिकारी होंगे।

यह प्रतियोगिता तीन से सात जनवरी तक पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। सेपक टकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव देवगौड़ा ने इस आशय का पत्र जारी किया है।

बताते चलें कि अमरेंद्र द्विवेदी इसके पूर्व भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। द्विवेदी सरला बिरला यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफ योग के टीचिंग एसोसिएट हैं।

अमरेंद्र के मनोनयन पर सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रेसिडेंट उदय साहू सहित शिवेंद्र दुबे, मनोज साहू, मिथलेश साहू, चंचल भट्टाचार्य, प्रियदर्शी अमर, शैलेंद्र कुमार, प्रदीप खन्ना, उमा पालित और अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

# एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर महिला मैच 13 से

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में 13 से 19 जनवरी तक एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर महिला मैच आयोजित होगा। इसमें कुल आठ देशों की टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान लाने वाले देश की टीम पेरिस ओलंपिक गेम्स के लिए क्वालीफाइ करेंगी। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित इस मैच की तैयारी जोर शोर से चल रही है। भारतीय महिला हॉकी टीम भी बुधवार को रांची पहुंच रही है और वह भी मैच में बाकी बचे दिनों तक अभ्यास करेगी। तैयारियों का जायजा लेने के लिए हॉकी इंडिया के प्रतिनिधि रांची पहुंचेंगे । साथ ही आयोजन से संबंधित अपने कार्यों को वे भी शुरू कर देंगे। इसके बाद चार जनवरी को इटली और यूएसए 6 को जर्मनी और चेक रिपब्लिकए 7 को न्यूजीलैंड, चिली और जापान की टीमें रांची आयेंगी।

# बदलेगा मौसम, कल से बारिश के आसार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कड़ाके की ठंड के बीच झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा। जल्द ही राज्य में बारिश हो सकती है। चार से छह जनवरी तक बारिश के आसार हैं। रांची, बोकारो, पलामू, गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि तीन, सात और आठ जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। तीन और चार जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। पांच से छह जनवरी को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश की संभावना है। सात और आठ जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। मौसम शुष्क रह सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि तीन जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध फिर आंशिक बादल छाये रहेंगे। झारखंड में चार जनवरी से बारिश के आसार हैं। उत्तर पश्चिमी भागों जैसे पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा, लोहरदगा जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

# झारखंड में माघ जतरा की परंपरा पर विराम

आजाद सिपाही संवाददाता

### नये रिश्ते तय करने का माध्यम

तोरपा के व्यवसायी कृष्ण गुप्ता कहते हैं कि माघ जतरा झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों की सांस्कृतिक परंपरा की पहचान थी। माघ मेला के बहाने यहां के आदिवासी और मूलवासी अपने जवान लड़के-लड़की के वैवाहिक संबंध की बात करने के लिए आते थे। मेला के बहाने लड़का-लड़की एक दूसरे को देखकर पसंद करते थे। मेला देखने के बहाने लोग मेहमान नवाजी का भरपूर लुत्फ उठाते थे। वे कहते हैं कि आज आधुनिकता के दौर में यह सब लुप्त प्राय हो चुका है। जरूरत है इस संस्कृति को बरकरार रखने की।

**रांची।** कुछ साल पहले तक जनवरी महीना शुरू होते ही लोगों को माघ जतरा मेला का बेसब्री से इंतजार रहता था, लेकिन सदियों से चली आ रही माघ जतरा की परंपरा अब छोटानागपुर में पूरी तरह खत्म हो गयी है। आधुनिकता के दौर में शहरीकरण, मेला टांड़ की खरीद-बिक्री और ऑनलाइन शॉपिंग की संस्कृति लोगों की खरीदारी और मिलने-जुलने के मुख्य माध्यम माघ जतरा को लील गयी।

अब से लगभग चार-पांच साल पहले तक खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, गुमला आदि जिले की विभिन्न जगहों पर माघ मेला लगता था। चूंकि यह मेला माघ महीने से शुरू होकर फाल्गुन तक चलता था। इसलिए इसे माघ जतरा या माघ मेला कहा जाता था। अलग-अलग दिनों में अलग-अलग जगहों पर माघ जतरा लगता था। जतरा कहीं एक सप्ताह तक चलता था, तो कहीं तीन या चार दिन। खूंटी, तोरपा, तपकारा, मुरहू, डोड़मा, जरियागढ़, कामडारा, सिमडेगा, सिसई, कर्रा, लापुंग सहित अन्य जगहों पर एक सप्ताह तक माघ जतरा लगता था और काफी प्रसिद्ध था।

माघ मेला से राजस्व की वसूली के लिए संबंधित अंचल कार्यालय से बोली लगायी जाती थी। सिमडेगा का माघ मेला जिसे गांधी मेला कहा जाता था, उसकी शुरुआत गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी को होता था। माघ मेला से स्थानीय लोगों को रोजगार तो मिलता ही था। सरकार को भी अच्छा-खासा राजस्व मिल जाता था, लेकिन मेला टांड़ की भूमि के अतिक्रमण या जमीन के मालिक द्वारा भूखंड की बिक्री कर दिये जाने के कारण अधिकतर जगहों पर जमीन की कमी से जतरा लगना बंद हो गया।

खूंटी में संभवतः 2017 में अंतिम माघ मेला लगा था जबकि मुरहू और हास्सा में भी उसके बाद माघ जतरा नहीं लगा। तोरपा, तपकारा, जरियागढ़, कर्रा, लापुंग और कामडारा में भी वर्षों पहले माघ मेला का अस्तित्व समाप्त चुका है। तपकारा के रहने वाले मनोज कुमार जयसवाल और अखिलेश शर्मा कहते हैं कि जब वे लोग छोटे-छोटे थे, उस समय मेला काफी भव्य होता था। आठ दिनों तक लगने वाला मेला रात भर चलता था। रात को संभ्रांत परिवार की महिलाएं खरीदारी के लिए निकलती थीं।

# वाहन चालकों की हड़ताल का समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कोई भी वाहन चालक जानबूझ कर दुर्घटना नहीं करता है। इसलिए वाहन चालकों के द्वारा की जा रही हड़ताल का ओबीसी समाज की ओर से मैं समर्थन करता हूं और प्रधानमंत्री से इस कानून में वाहन चालकों और दुर्घटना पीड़ितों के हितों को ध्यान में रखते हुए संशोधन की मांग करता हूं। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहीं। उन्होंने कहा कि गत संसद सत्र में पारित भारतीय न्याय संहिता में नये मोटर व्हीकल कानून के अनुसार अगर किसी के गाड़ी से एक्सीडेंट हो जाता है और वह भाग जाता है तो उसे 7 लाख का जुर्माना लगेगा और 10 वर्ष तक की सजा होगी वह अलग। अगर नहीं भागते हैं, तो जुर्माना नहीं लगेगा। सुनने में या अच्छा लगता है, लेकिन व्यावहारिक रूप में ऐसा करना आसान नहीं होता है। अधिकतर ऐसा देखा जाता है कि कोई एक्सीडेंट हुआ और वह व्यक्ति (ड्राइवर) रुक गया तो भीड़ इतनी उग्र होती है कि उसे पीट-पीट कर मार देने पर उतारू हो जाती है। ऐसे में कोई उस ड्राइवर की रक्षा के लिए नहीं आता है। श्री गुप्ता ने कहा कि कोई भी वाहन चालक जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है और कोई जरूरी नहीं है कि दुर्घटना में मृत व्यक्ति ही सही हो। गलत तरीके से वाहन चलाने के कारण दोषी व्यक्ति की भी दुर्घटना में अगर मृत्यु हो जाती है, तो फिर जीवित व्यक्ति को कैसे न्याय मिलेगा कैसे पता चलेगा कि गलती मृत व्यक्ति की थी जिसके कारण से दुर्घटना हुई। राष्ट्रीय स्तर पर वाहन चालकों के हड़ताल से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गैस से लेकर सब्जी तक बजार से गायब होने लगी है। सरकार इस हड़ताल पर अविलंब संज्ञान ले।

# जीरो टॉलरेंस पॉलिसी

केंद्र सरकार ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन तहरीके हुर्रियत को यूएपीए के तहत पांच साल के लिए बैन कर दिया। कश्मीर के कट्टरपंथी अलगाववादी नेता सैयद अलीशाह गिलानी द्वारा स्थापित इस संगठन की अगुआई 2021 में उनकी मौत के बाद मसरत आलम भट के हाथों में आ गयी थी, जो आजकल जेल में है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक यह संगठन न केवल कश्मीर में पत्थरबाजी जैसी घटनाएं करवाने और लोगों को भड़काने की कोशिशों में लगा रहता था, बल्कि जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करके वहां इस्लामी शासन स्थापित करने की साजिश में भी शामिल था। यह इसके लिए पाकिस्तान से फंड जुटाने में लगा था। इसमे दो राय नहीं कि ये आरोप बेहद गंभीर हैं। कोई भी जिम्मेदार सरकार इन आरोपों को हलके में नहीं ले सकती। पिछले सप्ताह ही बुधवार को सरकार, भट की अगुआई वाली पार्टी मुस्लिम लीग, जम्मू-कश्मीर को भी बैन कर चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस कार्रवाई को मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से जोड़ते हुए कहा है कि आगे भी अगर कोई संगठन या व्यक्ति भारत विरोधी कार्रवाई में लिप्त पाया जाता है, तो उसे तुरंत रोका जायेगा। आतंकवाद के खिलाफ इस तरह की सख्ती की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। यह इस तरह की कार्रवाई का कोई पहला या अलग-थलग उदाहरण नहीं है। तहरीके हुर्रियत 17वां संगठन है, जिसे यूएपीए के तहत बैन किया गया है। बैन किये गये अन्य संगठनों में सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे), पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (एसआइएमअइ), जमात-ए-इस्लामी और इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आइआरएफ) शामिल हैं। यही नहीं ऐसे संगठनों के अलावा अब तक 55 व्यक्ति (इंडिविजुअल के तौर पर) यूएपीए के तहत आतंकवादी करार दिए जा चुके हैं। सरकार की अब तक की कार्रवाई और उसके रुख से स्पष्ट है कि इस मामले में वह किसी तरह दुविधा, उलझन या संदेह के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ने वाली। केंद्रीय गृह मंत्री की बातों से यह भी संकेत मिलता है कि आगे कुछ और संगठनों के खिलाफ इस तरह के कड़े कदम उठाए जा सकते हैं। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने वाले तत्वों के साथ सख्ती से निपटना वक्त की जरूरत है। इस तरह की असामान्य चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार को असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करना पड़ता है, लेकिन इसी बिंदु पर यह कहना भी जरूरी हो जाता है कि ऐसी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए असाधारण सतर्कता भी बरती जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसे तत्वों की साजिशों का खामियाजा किसी भी रूप में देश के आम और निर्दोष नागरिकों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के उल्लंघन के रूप में न भुगतना पड़े।

**केंद्रीय गृह मंत्री ने इस कार्रवाई को मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से जोड़ते हुए कहा है कि आगे भी अगर कोई संगठन या व्यक्ति भारत विरोधी कार्रवाई में लिप्त पाया जाता है, तो उसे तुरंत रोका जायेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**9 नवंबर, 1989 को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शिलान्यास समारोह आयोजित किया। 5 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए 40 किलो चांदी की ईंट रखी। अयोध्या महान सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक महत्व का शहर है। मंदिर का निर्माण भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसने आंदोलन का नेतृत्व किया और मोदी की जीत है, जिनका राजनीतिक करियर हिंदू राष्ट्रवादियों के उदय के साथ मेल खाता है।**

# राम मंदिर ने भाजपा और संघ परिवार का पुराना सपना पूरा किया

**कल्याणी शंकर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के लिए अयोध्या में भव्य राम मंदिर पूरी तरह तैयार है। इससे भाजपा और संघ परिवार का पुराना सपना पूरा हो रहा है। 1992 में एक हिंदू भीड़ ने बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया, यह दावा करते हुए कि यह भगवान राम के जन्मस्थान में एक प्राचीन हिंदू मंदिर स्थल पर बनायी गयी थी। साम्प्रदायिक संघर्ष तब समाप्त हुआ, जब 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि विवादित क्षेत्र हिंदुओं का है। यह तथ्य कि मुसलमानों ने कानून के शासन का पालन किया है और सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को पूर्ण भावना से स्वीकार किया है, प्रशंसनीय है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सैंट्रल वक्फ बोर्ड को अयोध्या के धन्नीपुर गांव में 5 एकड़ जमीन की पेशकश की गयी थी, जहां वे एक मस्जिद बना सकते थे।

9 नवंबर, 1989 को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शिलान्यास समारोह आयोजित किया। 5 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए 40 किलो चांदी की ईंट रखी। अयोध्या महान सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक महत्व का शहर है। मंदिर का निर्माण भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसने आंदोलन का नेतृत्व किया और मोदी की जीत है, जिनका राजनीतिक करियर हिंदू राष्ट्रवादियों के उदय के साथ मेल खाता है। भाजपा नेता लाल कृष्ण अडवानी और डा. मुरली मनोहर जोशी के कड़े प्रयास को कम नहीं आंका जा सकता।

**राम मंदिर के निर्माण के साथ, भाजपा को 2024 में अधिक हिंदू वोट मिल सकते हैं।**



**रामायण की 7 महत्वपूर्ण हस्तियों के सम्मान में मंदिर के भीतर 7 नये मंदिर बनाए जायेंगे। इन हस्तियों में महर्षि वाल्मीकि और शबरी, मछुआरा समुदाय से निषाद राज, ब्राह्मण समुदाय से आचार्य वशिष्ठ, राजपूत समुदाय से ऋषि विश्वामित्र और अहिल्या तथा अगस्त्य मुनि शामिल हैं, जो विभिन्न जातियों और समुदायों द्वारा पूजनीय हैं।**

2024 के चुनाव के लिए भाजपा के अभियान में राम मंदिर का उद्घाटन बहुत महत्व रखता है। मोदी सरकार ने अपने दो चुनावी वादे पूरे कर दिये हैं। वे राम मंदिर का निर्माण कर रहे हैं और अनुच्छेद 370 को रद्द कर चुके हैं, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। समान नागरिक संहिता लागू करना तीसरा मुख्य मुद्दा है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। राम जन्मभूमि आंदोलन,1992 में भाजपा नेताओं लाल कृष्ण अडवानी और डॉ मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में हुआ, ने भाजपा के वर्तमान राजनीतिक प्रभुत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस आंदोलन का उद्देश्य राजनीतिक उद्देश्यों के लिए हिंदुओं का समर्थन हासिल करना था, जैसा कि अडवानी ने खुले तौर पर स्वीकार किया था। संघ के अग्रणी संगठन विश्व हिंदू परिषद ने राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया था। संघ का मानना है कि हिंदू राष्ट्र की स्थापना के लिए मंदिर का निर्माण महत्वपूर्ण है।

1992 में एक हिंदू भीड़ ने विवादित स्थल पर स्थित बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया। इसके परिणामस्वरूप पूरे देश में बड़े पैमाने पर दंगे हुए जिनमें लगभग 2000 लोगों की मौत हो गयी, इनमें अधिकतर मुसलमान थे। 2019 में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि विवादित बाबरी मस्जिद स्थल हिंदू समूहों का था। ठीक 4 साल बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीम ने उस स्थान पर एक मंदिर का निर्माण पूरा किया। संघ परिवार इस आयोजन का उपयोग सामुदायिक गौरव बढ़ाने के लिए कर सकता है। भाजपा की योजना मंदिर के संदेश और प्रतीक को बढ़ावा देने की है। अंततः राम मंदिर का प्रचार विपक्ष के अभियान को कमजोर कर सकता है। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को नये एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन समेत 22000 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया था।

रामायण की 7 महत्वपूर्ण हस्तियों के सम्मान में मंदिर के भीतर 7 नये मंदिर बनाए जायेंगे। इन हस्तियों में महर्षि वाल्मीकि और शबरी, मछुआरा समुदाय से निषाद राज, ब्राह्मण समुदाय से आचार्य वशिष्ठ, राजपूत समुदाय से ऋषि विश्वामित्र और अहिल्या तथा अगस्त्य मुनि शामिल हैं, जो विभिन्न जातियों और समुदायों द्वारा पूजनीय हैं। अयोध्या आंदोलन का सामाजिक प्रभाव भी पड़ा। वीपी सिंह सरकार द्वारा लागू की गयी मंडल आयोग की रिपोर्ट ने ओबीसी वोटों को सामाजिक न्याय की वकालत करने वाली पार्टियों को एकजुट कर दिया। इसमें मंडल और कमंडल दोनों आंदोलनों को मिला दिया गया। भाजपा के वर्तमान राजनीतिक प्रभुत्व के लिए केवल राम मंदिर मुद्दे को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। 1999 से 2009 तक उनका वोट शेयर 20 फीसदी के आसपास रहा। हालांकि, 2014 में मोदी के नेतृत्व में, भाजपा का वोट शेयर 30 प्रतिशत से अधिक हो गया और भाजपा ने 30 वर्षों के बाद लोकसभा में बहुमत हासिल किया। 2019 में यह प्रतिशत और बढ़ गया। राम मंदिर के निर्माण के साथ भाजपा को 2024 में अधिक हिंदू वोट मिल सकते हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मृत्यु के बाद, कांग्रेस पार्टी ने खुद को राम मंदिर मुद्दे से अलग कर लिया, जबकि भाजपा ने हिंदू समुदाय को एकजुट किया। पार्टी इस बात को लेकर असमंजस में है कि नरम हिंदुत्व अपनाया जाए या नहीं और कहा जा रहा है कि कहीं उन्हें मुस्लिम समर्थन न खोना पड़े। मुसलमानों ने समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और बहुजन समाज पार्टी जैसे धर्मनिरपेक्ष संगठनों का समर्थन करना शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से लंबे समय से चले आ रहे विवाद का अंत हो गया है और अयोध्या में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। क्षेत्र के प्रति केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, यह उम्मीद है कि अयोध्या जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी, जिससे इसके निवासियों को काफी लाभ होगा। इस प्रगति से इस शहर के लोगों का भविष्य उज्जवल होगा

## जमशेदपुर की खबरें

## सोनारी में अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी युवा मंच की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सोनारी मरार पारा केंद्रीय कार्यालय में अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी युवा मंच की बैठक आयोजित की गयी। मंगलवार को अध्यक्ष प्यारे लाल साहू की अध्यक्षता में केंद्रीय पदाधिकारी व सभी मंडल अध्यक्ष शामिल रहे। बैठक में 4 फरवरी को होने वाले छत्तीसगढ़ी महासम्मेलन पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से 25 फरवरी किया गया, ताकि 4 को साहू समाज का राजिम मेला हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा सके। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ने समाज के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण सुक्षाव दिये। धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह लोधी ने किया।

इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष प्यारे लाल साहू, कमल यादव, शंकर दास, जयराम साहू, राकेश सिंह लोधी,चेतन साहू, मेघनाथ साहू, उदयनारायण साहू, संजय साहू, बिरेन प्रसाद, संतु साहू, कमल किशोर साहू, विष्णु साहू, बलराज साहू, गोपी साहू, रमेश दास, भारती देवी, लक्ष्मी देवी, वंदना साहू, प्रहलाद साहू, किरन साहू आदि उपस्थित रहे।

## विधायक मंगल कालिंदी ने 101 साईं भक्तों को अंग वस्त्र देकर शिरडी के लिए किया रवाना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** साईं सेवक संघ जमशेदपुर द्वारा जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में निशुल्क 101 साईं भक्तजनों को बागबेड़ा साईं मंदिर से शिरडी साइ बाबा धाम दर्शन के लिए रवाना कराया। मंगलवार को विधायक मंगल कालिंदी ने सभी भक्तों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं मौके पर साईं सेवक संघ के मुख्य संरक्षक रंजीत साव ने पुष्प गुच्छ देकर विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा साईं बाबा ने सबका मालिक एक बताया यानि चाहे आप किसी भी धर्म और जाति के हों। आपको बनाने वाला ईश्वर एक ही है। उन्होने कहा मंगलवार को 101 साईं भक्तजनों को शिरडी रवाना कराते हुए मुझे बहुत खुशी है। विधायक ने कहा सभी साईंभक्त बहुत ही भाग्यशाली हैं जिन्हें शिरडी दर्शन करने का अवसर मिला। इनकी मंगलमय यात्रा की साईं बाबा से प्रार्थना करते है।

## परमात्मा की कृपा से ही सेवा कार्य होते हैं : काले

### हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजा बागुनहातू, कई बस्तियों के बुजुर्गों की की गयी सेवा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** ठंड से बचाव के लिए हर हर महादेव सेवा संघ की और से जरूरतमंदों में लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है , मंगलवार को इसी कड़ी में बागुनहातु ए ब्लॉक, बागुनहातु बी ब्लॉक, बागुनहातु सी ब्लॉक, बागुनहातु डी ब्लॉक, नामता बस्ती, नीमभट्टा बस्ती, कालिंदी बस्ती, बाउरी बस्ती, तिलक नगर, बिहारी बस्ती एवं अन्य स्थानों के बुजुर्गों में कंबल वितरण किया गया इस कंबल वितरण प्रक्रिया के दौरान हर हर महादेव के जयघोष से बागुनहातु की गली गली गूंज उठी इस मौके पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि संघ के द्वारा असल मायने में बड़े बुजुर्ग वृद्धजनों में अपनेपन का अहसास दिलाने के साथ उनका सम्मान करना और उन्हें उपहार स्वरूप छोटी खुशियां देने का छोटा सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान बुजुर्गों द्वारा जो आशीर्वाद मिलता है वह बेशकीमती होता जिसकी कोई कीमत नहीं हो सकती।

इसी कर्म में एस बी राणा, सुरेन्द्र मास्टरजी, मछेन्द्र निषाद, अनुभव, बबन, सोनू, सुभाष प्रमाणिक, अर्जुन राव, गणेश राव, मधु सुदन, बंदना नामता, मिनी सिंह, पुतुल सिंह, बिसाल महतो, गौरी, कांति, गौरव साहु, राजू बागती, लालटु डे, बनारसी साह, पंचा नंद, शशि कुमार, पार्वती साहू, गामा, अमन, चंदन मिश्रा एवं हर हर महादेव परिवार से अखिलेश पांडे, जूगुन पांडे, विक्रम ठाकुर, बिभाष मजुमदार, मनीष सिंह, अमित पाठक, शेखर मुखी, पिंटू भिरभरिया सहित अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## श्रेया अधरजी, डॉक्टर्स और रक्तवीर योद्धा सम्मानित

**पीड़ित व असहाय लोगों के बीच केक कटिंग कर उत्तम भोजन कराया उपलब्ध**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नये साल 2024 आते ही लोग चारों तरफ खुशियां मना रहे हैं। वही शहर की सामाजिक संस्था प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन व बीएसएसआर यूनियन ने नये साल में बिस्टुपुर ब्लड बैंक में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अथिति जमशेदपुर ब्लडबैंक के सचिव नलिनी राममूर्ति, विशिष्ट अतिथि जीएम संजय चौधरी, सम्मानित अतिथि डॉक्टर लव बहादुर सिंह, डॉक्टर रिता सिंह व संस्था के निर्देशक अरिजीत सरकार शामिल हुए।

इस अवसर पर दो वर्ष के अंतराल में दो बार नेशनल एवं दो बार रीजनल में परचम लहरा कर झारखंड के नाम रोशन करने वाले शहर के वरिष्ट पत्रकार अभिजीत अधरजी के सुपुत्री श्रेया अधरजी को अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से गुलदस्ता, मोमेंट एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

मौके पर संस्था के निर्देशक अरिजीत सरकार ने कहा कि संस्था शहर की महिलाओं एवं बेटियों के सम्मान में आगे बढ़ कर काम कर रही है। बीते दो साल से झारखंड के नाम रोशन करने वाली श्रेया अधरजी को नये साल में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गयी। ताकि आने वाले दिनों में श्रेया ऊंचाई को छू सके और राज्य के साथ शहर का नाम देश भर में रोशन कर सके। मौके पर ब्लड बैंक के डॉक्टर्स को भी सम्मानित किया गया। वहीं रक्तवीर योद्धा अवधेश कुमार वर्मा के द्वारा 35 बां एसडीपी रक्तदान पूरा करने पर पीएसएफ ने एसडीपी रक्तदान के क्षेत्र में अपना 761वां एसडीपी रक्तदान के आंकड़े को पूर्ण कर लिया। प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन परिवार एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर का अवधेश कुमार वर्मा पर गर्व है। मौके पर ब्लडबैंक में जीएम, चिकित्सक, अनुभवी तकनीशियन एवं प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निर्देशक अरिजीत सरकार के द्वारा रक्तवीर योद्धा अवधेश कुमार वर्मा को प्रशस्ति पत्र के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे हैं पत्रकारों को सम्मानित किया गया। दूसरी ओर जुगसलाई नव जागृत मानव समाज कुष्ठ आश्रम के अंत्योदया भवन में समाजसेवी दुर्गा प्रसाद दास, आल्पना भट्टाचार्य के सहयोग से 50 पीड़ित एवं असहाय लोगों के बीच केक कटिंग कर उत्तम भोजन की व्यवस्था की गयी।

कार्यक्रम के दौरान जमशेदपुर ब्लडबैंक के सचिव नलिनी राममूर्ति, जीएम संजय चौधरी, डॉक्टर लव बहादुर सिंह, डॉक्टर रिता सिंह, संस्था के निर्देशक अरिजीत सरकार, दीपक कुमार मित्रा, निखिल मंडल, दीप सेन, तपन चंदा, कमला चंदा, वासुदेव दास, उत्तम कुमार गोराई, किशोर साहू, मिहिर कुमार भट्टाचार्य, शुभेंदु मुखर्जी, मोहम्मद दानिश, विजोन सरकार, कुमारेस हाजरा, रवि शंकर, देवनाथ सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

## ट्रक ट्रेलर ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का प्रदर्शन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लाये गए कानून का असर अब लौहनगरी जमशेदपुर में भी दिखने लगा है। मंगलवार को ट्रक ट्रेलर ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक स्वर में चालक व मालिक संबंधित केंद्र सरकार द्वारा लाये गये मोटर व्हीकल एक्ट भारतीय दंड संहिता 104 (ए) कानून का विरोध किया। मानगो डिमना रोड स्थित कार्यालय के समक्ष केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेवाजी की। मौके पर पदाधिकारी ने केंद्र सरकार हाय हाय का नारा लगाते अभिलंब कानून वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर जसबीर सिंह ने कहा इस कानून का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर हो सकता है। इसके दूरगामी परिणाम होंगे।उन्होंने कहा यह कानून केवल व्यावसायिक व बड़ी गाड़ियों के चालकों पर ही लागू नही बल्कि इसके जद में दो व चार पहिया वाहन के चालक भी आयेंगे। केंद्र सरकार को सरल व सहज रूप में कानून लाना चाहिए था। जो जनहित में प्रत्येक वाहन चालक के लिए कानूनी कवच के रूप में काम करेगा। मौके पर सभी ने एक स्वर में कहा कानून में यदि संशोधन नहीं किया गया तो सभी गाड़ियां खड़ी हो जाएगी। जिसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। साथ ही आम जनता त्राहिमाम करेगी। उन्होंने कहा जमशेदपुर ट्रक ट्रेलर ऑनर्स एसोसिएशन अपने प्रत्येक वाहन चालक के साथ खड़ी है। चालक के द्वारा गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने पर चालक की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार कौन होगा। इस कानून से गाड़ी मालिक को आर्थिक नुकसान होगा। प्रशासन के द्वारा भी गलत कदम उठाया जा सकता है। इसकी जवाबदेही किसकी होगी।संगठन के अध्यक्ष के अनुसार सड़क दुर्घटना के केवल एक पहलू नहीं बल्कि कई कारण भी होते हैं। केवल चालक ही जिम्मेदार नहीं होता है बल्कि कई कारक होते हैं। कानून में प्रावधान है यदि चालक गाड़ी भगा ले गया तो उसे 10 साल की कैद और यदि वह घायल को अस्पताल ले जाता है तो उसे 5 साल की सजा के साथ आर्थिक दंड देना होगा।संगठन के अनुसार 20 लाख से ज्यादा बसों एवं ट्रकों के चालक हैं। यदि हम आम जनता को जोड़ ले तो इनकी संख्या करोड़ों में होती है। इसके भयावह परिणाम को समझा जा सकता है। एसोसिएशन सदस्यों ने बताया बहुत जल्द सांसद से मिलकर संशोधन के लिए पहल करने की मांग की जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो केंद्रीय मंत्री से मिलने एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जायेगा। मौके पर अध्यक्ष जसवीर सिंह सिरा, महासचिव राजीव रंजन सिंह, सह-सचिव प्रदीप शर्मा, चेयरमैन सतबीर सिंह सोमू, तपस्या सिंह, गुंजन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, चरणजीत सिंह, पारसनाथ, सरबजीत सिंह ग्रेवाल, अमित कुमार, अभिषेक झा, बादल कुमार पिंटू, शंकर दयाल सिंह, मनीष ओझा, राकेश चौधरी, निखिल शर्मा उपस्थित रहे।

# हिट एंड रन कानून का विरोध, संशोधन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर लरकोरिया गांव के सैकड़ों की संख्या में वाहन ड्राइवरों ने सड़क को तीन घंटे तक जाम कर भारत सरकार के द्वारा लगाए गए हिट एंड रन कानून का विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वाहन ड्राइवरों ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्राइवरों के लिए काला कानून लागू किया है जो ड्राइवरों के लिए बेहद खतरनाक और अव्यवहारिक कानून है। इस तरह का कानून पहले कभी नहीं लागू किया गया था। ड्राइवरों ने कहा कि एक ड्राइवर मुश्किल से पांच सात हजार रुपये महिना पर काम करता है। कोई भी ड्राइवर किसी भी जीव का जान मारना नही चाहता है।



यदि भूल चूक से अथवा अगला व्यक्ति पागल है, गाड़ी के पास दौड़ जाता है और खतरा हो जाता है तो ड्राइवर को इस अंधा कानून में फंसा दिया जायेगा, जो सरासर अन्याय है। ड्राइवरों ने कहा कि जब ड्राइवर दस साल के लिए जेल चला जायेगा तो जुर्माना कि राशि दस हजार कौन भरेगा। ड्राइवरों ने कहा कि जेल हो वह चलेगा किंतु जुर्माना दे पाना मुश्किल है। सभी मौजूद ड्राइवरों ने प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से इस कानून में संसोधन कर व्यवहारिक रूप से सुगम बनाने की मांग की है। इस मौके पर काफी संख्या में वाहन ड्राइवर मौजूद थे।

## चालक संघ ने सड़क किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** हिट एंड रन मामले में बनी नयी कानून के विरोध में चालक संघ ने खरौंधी मोड़ पर सड़क जाम किया। इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार और थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बंद समर्थकों को समझाकर हटाया। सुबह से ही वाहन चालक संघ एकत्रित होकर खरौंधी मोड पर वाहन चालकों से नहीं चलाने की अपील की और हड़ताल का समर्थन करने का आग्रह किया। वाहन चालक संघ के आग्रह से बड़ी गाड़ीयों का परिचालन तो एक जनवरी से ही बंद था लेकिन छोटी छोटी गाड़ीयां, जैसे टेम्पो, चार चक्का निजी वाहन गाड़ीयां चल रही थी। दो जनवरी से संघ के आग्रह पर वे



चालक को समझाते इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार

भी बंद कर समर्थन किया। हड़ताल के कारण भवनाथपुर की सड़कें सुनसान रही। वाहन चालकों ने एकजुट होकर जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां बीडीओ नंद राम को ज्ञापन सौंपा। चालक संघ ने कहा सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून में बदलाव कर चालकों के लिए काला कानून लाया है। सरकार कानून में संशोधन करे नहीं तो हड़ताल जारी रहेगा। हड़ताल में विरोध प्रदर्शन कर रहे वाहन चालक चन्दन यादव, गौतम कुमार, विरेंद्र प्रसाद यादव, सरोज यादव, मुबारक अंसारी, सुदामा, विकास, दीपक सहित सैकड़ों शामिल थे।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में तेजी से विकसित हो रहा है भारत : प्रमुख करुणा सोनी



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड अंतर्गत भागोडीह पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ संजय कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, बीडीसी कविता विश्वकर्मा, मुखिया रीता देवी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जन समस्या के निष्पादन हेतु अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसे लाभ लेने की जरूरत है। कहा कि मोदी सरकार की दस वर्षो के कार्यकाल में भारत तेजी से विकसित हो रहा है। वही बीडीओ संजय कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह ने केंद्र सरकार के योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल, मुखिया रीता देवी, बीसीसी कविता विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुमार सिंह, शंकर चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को बीडीओ संजय कुमार ने हमारा संकल्प, विकसित भारत का संकल्प दिलाया।

## डेंटल सर्जन ने दिया सीएचसी रमना में योगदान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी रांची में विभिन्न पदों पर नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिसमें डॉ जुली कुमारी को डेंटल सर्जन के पद पर अंतिम रूप से चयन करते हुए नियुक्ति पत्र दिया गया। डॉ जुली कुमारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रमना, गढ़वा में पदस्थापित किया गया है। नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के तहत मुंह और दांत संबंधित रोगों का इलाज और लोगों को जागरूक करने का काम किया जाना उद्देश्य है। डॉ जुली कुमारी ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अंतर्गत वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से बीडीएस की पढ़ाई की। इसके बाद चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा के निदेशक के रूप में काम कर रही हैं। इस उपलब्धि के लिए डॉ जुली कुमारी ने अपने परिवार सहित सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोकुल प्रसाद, रंका चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, श्रवण साहनी, हरिश्चंद्र अग्रवाल, बिस्मिल्ला अंसारी, आशीष, ओलिविया रानी आदि उपस्थित थे।

## 9 सूत्री मांगों को लेकर डीलरों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया फेयर प्राइज शॉप डीलर्स फेडरेशन एसोसिएशन के तत्वाधान में मंगलवार को मेराल के डीलरों ने 9 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष मानदेव बैठक के नेतृत्व में सौंप गए मांग पत्र में कहा गया है कि जब तक हम लोगों का 9 सूत्री मांग पूरा नहीं किया जायेगा, तब तक जन वितरण प्रणाली के दुकान अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगा। डीलर एसोसिएशन द्वारा दिए गए आवेदन में कोरोना काल में अपना जान को जोखिम में डालकर जनता के बीच अंतिम व्यक्ति तक राशन वितरण करने का काम किया है। इसके बाद भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत 2020 से दिसंबर 2022 तक वितरण किये गये खाद्यान्न का कमीशन एवं परिवहन का भुगतान नहीं किया गया है। 4 जी मशीन से ई पोस मशीन का ही संचालन किया जा सकता है जबकि वर्तमान में 2 जी से वितरण का कार्य किया जाता है। आवेदन देने वालों में कोषाध्यक्ष सुनील प्रसाद गुप्ता, अंजनी कुमार द्विवेदी, रविंद्र पासवान, विगावन राम चंद्रवंशी, अब्दुल हकीक अंसारी, शिवनाथ साह, विशाल केसरी, चूल्हन सिंह, रामायण शर्मा, सुरेंद्र राम, दशरथ राम सहित कई जन वितरण प्रणाली दुकानदार शामिल थे।

## अबुआ आवास के योग्य लाभुकों ने जम कर बवाल काटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के असनाखाड़ टोले के वार्ड नंबर तीन में निवास करने वाले योग्य लाभुकों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां अबुआ आवास के योग्य लाभुकों ने जमकर बवाल काटा। लाभुकों ने जांच में हुए अनियमितता के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया है। लाभुकों ने आवेदन में जिक्र किया है कि जांच टीम द्वारा अनियमितता व लापरवाही बरती गयी है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार मे अबुआ आवास के लाभुकों ने आवेदन दिया था। जबकि जांच टीम द्वारा फाइनल रिपोर्ट में योग्य लाभुकों को दरकिनार कर दिया गया और सूची से उनकी नाम हटा दिया गया।



जबकि वास्तविकता यह है कि अधिक संख्या में अयोग्य लाभुकों का नाम शामिल है। लाभुकों ने आवेदन देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से पुनः जांच करवा कर फाइनल रिपोर्ट में छूटे योग्य लाभुकों का नाम जुड़वाने की मांग किया है। आवेदन देने वालों में रीता देवी, रूबी कुमारी, माया देवी, चित्रकली देवी, मालती देवी, कलावती कुवंर, किरण देवी, प्रेमा देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, ललिता देवी, सूरज यादव, फूलकुमारी देवी, गुड्डी देवी, दशरथ राम, फूलन देवी सहित अन्य का भी नाम शामिल है। वहीं वार्ड सदस्य अखिलेश राम ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि प्रखंड के आवास ऑपरेटर अजित कुमार के उपर अबुआ आवास के लिए 20 हजार रुपये मांग करने का आरोप लगाया है। वार्ड सदस्य ने बताया कि सरकार योग्य लाभुकों को निःशुल्क अबुआ आवास दे रही है। जबकि अजित कुमार द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है।

### क्या कहा ऑपरेटर ने

इस संबंध में कंप्यूटर ऑपरेटर अजित कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वार्ड सदस्य द्वारा लगाया गया आरोप निराधार व बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि यदि मैं दोषी हूं, तो मुझपर कार्यवाई की जानी चाहिए। वैसे लाभुक जिनके पास पहले से पक्का आवास है उनका नाम कट रहा है तो लोग अफवाह फैला रहे हैं।

**क्या कहा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने:** प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 08 जनवरी तक पंचायत भवन में आपत्ति जताई जाती है तो अयोग्य का नाम सूची से हटाया जायेगा। 18 जनवरी तक निष्पादन करते हुए योग्य लाभुकों का नाम जोड़ा जायेगा। 20 जनवरी तक स्थायी सूची निकाली जायेगी।

## जिला स्तरीय रबी कार्यशाला आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय रबी कार्यशाला वर्ष 2023-24 का आयोजन बंधन मैरिज हॉल, नवादा मोड़ में जिला कृषि कार्यालय के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त शेखर जमुआर और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने कहा कि अपने क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के अनुसार फसलों का चयन कर खेती करें, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन ले सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषक बंधु कृषि योजनाओं की जानकारी लेकर नयी तकनीक से खेती करें। जिससे कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर किया जा सके। रबी कार्यशाला में उक्त के अतिरिक्त जिला उद्यान पदाधिकारी, श्री रवि शंकर प्रसाद वर्णवाल, डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी गढ़वा, चंद्रकिशोर कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकरी उपस्थित थे।

## तेली साहू महागठबंधन कमिटी का गठन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपरा राष्ट्रीय तेली साहू महागठबंधन इकाई गढ़वा के द्वारा प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमती से प्रखंड अध्यक्ष सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता तथा संतोष प्रसाद गुप्ता, महामंत्री रामप्रवेश गुप्ता, संगठन मंत्री संजय गुप्ता, मंत्री राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनय गुप्ता, सचिव दसई साह, उपसचिव गणपत साह, संयोजक रामअवध, मीडिया प्रभारी आदित्य राज, प्रवक्ता राजेश गुप्ता, संरक्षक विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता को बनाया गया। इस दौरान समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और घर-घर साक्षरता के दीप जलाने का संकल्प लिया गया। साथ ही समाज को दहेज मुक्त बनाने और विकास के उत्थान पर भी चर्चा किया गया।

## मेन रोड स्थित सत्यम मेंस पार्लर का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अन्नराज नावाडीह मेन रोड स्थित सत्यम मेंस पार्लर का उद्घाटन किया गया। पार्लर का उद्घाटन एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी गढ़वा जिला प्रभारी डॉक्टर एम एन खान ने फीता काट कर किया। डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि इस क्षेत्र में मेंस पार्लर की अत्यंत आवश्यकता थी। इस पार्लर को खुल जाने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा। इस अवसर पर उदित ठाकुर, कमलेश कुमार, पप्पू ठाकुर, सुरेंद्र यादव, एनुअल अंसारी, शमीम, चंदन, तनवीर, महबूब, अयूब अली, इस्लाम आदि उपस्थित थे।

## दुकान में लगभग 12.50 लाख की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार के मेन रोड स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने प्रेम प्रकाश जेवर घर नामक दुकान में लगभग 12.50 लाख की संपत्ति की चोरी हो गयी। घटना सोमवार रात्रि की है। इस घटना की सूचना उक्त दुकान के दुकानदार प्रेम प्रकाश ने मंगलवार को थाना को लिखित आवेदन के रूप में दी है। चोरों ने दुकान के पीछे के दीवार को तोड़कर दुकान में प्रवेश किये हैं और घटना को अंजाम दिया है। आवेदन में घटना की उल्लेख करते हुए बताया गया है कि सोमवार की शाम तकरीबन 04 बजे तक दुकान खुला था। इसके बाद दुकान को बंद कर दिया गया। दुकान से दुकानदार का घर की दूरी 500 मी है। मंगलवार को दुकान खोलने के बाद दुकानदार ने देखा तो तिजोरी काटा हुआ था। समान गायब था। जिसमें सोना का




घटना की सूचना के बाद जेवर दुकान में लोगों की भीड़।

नया आभूषण लगभग 80 ग्राम, सोना का पुराना आभूषण लगभग 20 ग्राम, चांदी का नया सामग्री और आभूषण लगभग 5 किलोग्राम, चांदी का पुराना आभूषण लगभग डेढ़ किलोग्राम और तिजोरी में रखा 80 हजार रुपया नगद की चोरी हुई। इस प्रकार दुकानदार को लगभग 12 लाख 50 हजार रुपये की संपत्ति की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर इस तरह की घटना होगी तो कोई सुरक्षित नही है। सभी ने पुलिस से चोरों को जल्द गिरफ्तार करने व घटना का उद्भेदन करने की मांग किये हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि पीड़ित ने थाना को आवेदन दिए है। मामला दर्ज कर जांच शुरू करते हुए अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र डोल में गर्म कपड़ों का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा के तत्वाधान में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र डोल में सैकड़ों आदिवासी, पिछड़ों और दलितों के बीच कंबल तथा गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाऊंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी और अलख नाथ पांडेय, पुर्व फेड उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, वर्तमान फेडरेशन के उपाध्यक्ष मनोज केसरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जायंट्स गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता पिंटू बाबू ने की। इस अवसर पर रेड क्रॉस गढ़वा के चैयरमैन डॉ एमपी गुप्ता और रेड क्रॉस सचिव डॉ जेपी सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त सर्वश्री राकेश बाबू सर्राफ, रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, संतोष मेहता, रविंद्र केसरी, मंदीप प्रसाद, ग्रुप के सचिव मोजीबुद्दीन खान, अशोक केसरी, सुनील अग्रवाल,अशोक विश्वकर्मा, लखन बाबु सर्राफ, अरुण सोनी, विजय आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का शुभारंभ अनुमंडल अस्पताल के उपाधिक्षक डॉ गोखुल प्रसाद और विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे ने संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खीर को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से अस्पताल के प्रधान सहायक राजेश सिन्हा, बीडीएम अनुरंजन पांडे, एमपीडब्लू असफाक अहमद, सौरभ पांडे, युवा नेता बिट्टू जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद मंत्री राहुल जयसवाल बजरंग संयोजक, उत्कर्ष आदि ने अपना-अपना योगदान दिया।

## गढ़वा ब्लड बैंक में ब्लड कैंप का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच, गढ़वा ने अध्यक्ष शोभा कश्यप की अध्यक्षता में गढ़वा ब्लड बैंक में ब्लड कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शोभा कश्यप ने अपना दूसरा रक्तदान कर और समाज की महिलाओ को जागरूक करते हुए और तीन महिलाओं से प्रथम बार रक्तदान करवाया। और दो युवाओं के द्वारा भी मौके पर रक्तदान किया गया। सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने के लिए समाज की महिला सचिव अर्चना कश्यप के द्वारा पिंक खजूर उपहार स्वरूप दिया गया। शोभा कश्यप के द्वारा कहा गया कि मैं अपने जन्मदिन के अवसर पर अपना दूसरा रक्तदान कर रही हूं और मुझे खुशी हो रही है कि समाज की महिलाएं मेरे हौसला को बढ़ाने के लिए अच्छी संख्या में उपस्थित हुई हैं। मौके अर्चना कश्यप नमिता कश्यप, ममता कश्यप, कंचन कश्यप सदस्य प्रीति रानी, सीमा कश्यप, उषा कश्यप, प्रमिला कश्यप नीलम कश्यप और पुरुष टीम के अध्यक्ष उमेश कश्यप पदाधिकारी सुरेंद्र कश्यप संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनोज कश्यप मनीष सदस्य सत्यम सौर्य शोभित दीपांकर समेत अन्य लोग थे।

## दर्जनों महिलाओं ने बिना जांच किये आवास योजना से नाम काटने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पंचायत के बुका निमिया तोला निवासी दिव्यांग सहित दर्जनों महिलाओं ने प्रखंड कर्मी पर बिना जांच किये आवास योजना से नाम काटने का आरोप लगाया। कोर्डिनेटर अशोक कुमार द्वारा एक सप्ताह के भीतर जांचोपरांत कारवाई किये जाने का भरोसा देने पर महिलायें शांत हुईं।बीडीओ कार्यालय द्वार पर आए दिव्यांग गोविंद साह ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जानकारी के अभाव में आवेदन नही दे सका किंतु विभागीय जांच में भी नाम नहीं आने से दुखित मन से प्रखंड कार्यालय आना पड़ा।



बुका गांव की वार्ड संख्या 12 एवं 8 की कमला देवी, निर्मला देवी, शांति देवी , उषा देवी,समीरा देवी सहित दर्जन भर से अधिक महिलाओं ने बताया कि सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हम सभी ने आवास हेतु फॉर्म जमा किया था, किंतु प्रखंड कर्मी ने बिना जांच किये ही पक्का मकान नहीं होने के बावजूद हमारा नाम काट दिया। कुछ महिलाओं ने वार्ड सदस्य पर भी हेराफेरी का आरोप लगाया। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ऑफिस के समीप दिव्यांग व्यक्ति और महिलाएं एकत्रित हुई, तभी आवास कोर्डिनेटर अशोक प्रसाद ने सभी का आवेदन लिया और एक सप्ताह के भीतर जांच का भरोसा दिया तब जाकर महिलाये शांत हुई।

## ज्ञान निकेतन और आरके पब्लिक जीते



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के उद्घाटन मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने बीएनटीसंत मैरी को नौ रनों से वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने राम साहू उच्च विद्यालय की टीम को 94 रनों से हराकर अपने पूरे अंक अर्जित किया। दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमरन के विस्फोटक बल्लेबाजी अर्धशतक 85 रन और सुहानी के 28 रनों सहयोग से बिना विकेट खोए 154 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी रामा साहू की टीम 60 रन पर ही सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल के साक्षी कुमारी और ज्ञान निकेतन बेलचंपा के सिमरन को गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी सह शिक्षक मनोज कुमार चौधरी, संदीप गुप्ता, सुशील कुमार, अशोक कुमार दुबे, आशुतोष रंजन और नवल जी ने प्रदान किया। इस मौके पर कमलेश कुमार दुबे, मनीष, धीरज आदि उपस्थित थे।

# डीसी और डीडीसी ने किया लटरजंग जलाशय का भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा और उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने मंगलवार को खूंटी के रेमता डैम (लटरजंग जलाशय का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि पर्यटन स्थल में साफ-सफाइ पर विशेष ध्यान दिया जाय। पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीणों को लाभान्वित करने की दिशा में पर्यटन स्थल के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले। जिला प्रशासन द्वारा उक्त पर्यटन स्थलों के विकास की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

साथ ही पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आवश्यक साधनों की भी व्यवस्था की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त यहां इको टूरिज्म विकसित करने की योजना बनाई जायेगी।



## वनभोज के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठातें हैं सैलानी

प्राकृतिक सौंदर्य के प्रेमियों के लिये प्रकृति ने खूंटी जिले को पर्यटन स्थल के रूप में कई अनुपम उपहार दिये हैं। इन उपहारों में पंचघाघ जलप्रपात, पेरवां घाघ, उलूंग जल प्रपात, रानी फॉल, बिरसा मृग विहार, तजना डैम, पेलौल डैम, लटरजंग डैम, पांडूपड़िंग और आम्रेश्वर धाम प्रमुख हैं। प्रकृति की गोद में बसा रेमता डैम दिनों दिन बेहतर पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित हो रहा है। डैम की खूबसूरती देखते ही बनती है। चारों ओर जंगलों से घिरा डैम सूर्य की रोशनी में और भी मनोरम प्रतीत होता है। शहर की भीड़ से दूर रेमता डैम को जिला प्रशासन ने पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की है। इसके आधार पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने से संबंधित कार्य किए जायेंगे।

### हिट एंड रन कानून में हुए बदलाव के विरोध में आहूत बंद का पिपरवार में रहा व्यापक असर

# सीसीएल की कोयला ढुलाई बंद, करोड़ों का नुकसान



बंद को लेकर खड़ी वाहन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** हिट एंड रन कानून में आए बदलाव के विरोध में आहुत भारत बंद का सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। पिपरवार क्षेत्र की कोयला ढुलाई पूरी तरह से बंद है। मिली जानकारी के अनुसार बंदी का समर्थन करते हुए चालकों ने स्वेच्छा से अपने वाहन को खड़ा कर दिया है, जिसके कारण सीएचपी कोल वाशरी से बचरा साइडिंग और अशोक परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक कोयला ढुलाइ का काम पूरी तरह से बंद है। कोयला ढुलाइ बंद रहने के कारण दोनों साइडिंग में रैक लोडिंग और डिस्पैच का कार्य भी बाधित देखा जा रहा है। जिससे सीसीएल के अलावे रेलवे को भी करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। वही बचरा झूला पुल के पास चालकों ने इस कानून के खिलाफ सड़क पर विरोध प्रदर्शन भी किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में चालकों ने बताया कि हिट एंड रन जो कानून सरकार द्वारा लाया गया है वह बहुत कड़ा कानून है,इसे सरकार को वापस लेना चाहिए। चालक का वेतन काफी कम होता है। अगर किसी तरह का दुर्घटना होता है और हम लोग दुर्घटना स्थल पर ही खड़े रह जाते हैं तो हम लोगों को स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट किया जाता है, कई बार जान भी चली जाती है। ऐसी स्थिति में हम लोग क्या करेंगे। जब तक इस कानून को वापस नहीं लिया जाता, तब तक हम लोग वाहन का परिचालन नहीं करेंगे। इस दौरान अन्य चालकों से बंदी को सफल बनाने की अपील की गई। इधर बचरा से खुलने वाली सभी यात्री बसों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बंद के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। वहीं पिपरवार पुलिस भी बंद को लेकर काफी सतर्क है।

# बुंडू में कम चलीं बसें, यात्री बे'बस'

## आज टोल प्लाजा को जाम करने की है तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** हिट एंड रन कानून से होनेवाली परेशानी को लेकर 1 से 3 जनवरी तक बुंडू बस स्टैंड से कम बसें खुली। इस कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी को लेकर ड्राइवर संघ बुंडू के द्वारा मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय बुंडू में एक ज्ञापन बुंडू अनुमंडल प्रधान लिपिक राजेश कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन की प्रति डीएसपी बुंडू, बुंडू थाना को सौंपा गया। इस ज्ञापन में बुधवार को टोल प्लाजा को जाम रखने की बात कही गयी है। सरकार से अनुरोध किया गया है कि काला कानून में संशोधन हो, अन्यथा उग्र आंदोलन होगा। इधर, जय हो सेवा संस्था के संस्थापक राज किशोर कुशवाहा ने भी ड्राइवर संघ को अपना समर्थन दिया है।

मौके पर राजू, विनोद मुंडा, कृष्ण मुंडा, कालेश्वर, अजीत रविदास, विष्णु रविदास, बिरसा मुंडा, धनेश्वर महतो, वीरेंद्र मुंडा आदि शामिल थे।






### पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

# सेवानिवृत्त सात कोयला कामगारों को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति ने किया। इस समारोह मे पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए कोयला मजदूरों को विदाई दी गयी। सेवानिवृत होने वाले कर्मियो मे प्रकाश हरिजन, जय प्रसाद सिंह, राजेंद्र राम, बिरजू प्रसाद केसरी, चंदेश्वर नोनिया, शंभू सिंह और एसएन शेखर का नाम शामिल है। समारोह में सभी मजदूरों का स्वागत माला पहनाकर किया गया, इसके बाद उपहार, सेवा प्रमाण पत्र, शॉल और श्रीफल देकर सभी को सम्मान के साथ विदाई दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने सेवानिवृत सभी कोयला कामगारों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि कंपनी में पुराने कर्मियों के रिटायर होने से कंपनी को नुकसान हो रहा है। कंपनी के वर्तमान नये कामगारों को पुराने और अनुभव कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है। इस मौके पर एजीएम निरंजन सेनापति, स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक जेएन दत्ता, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा, नागेश कुमार, हेमचंद महतो, जंग बहादुर राम सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।




# नहीं रहे वयोवृद्ध स्वयंसेवक एतवा नायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा की शुरूआत करने वाले बड़ाइक टोली खूंटी के रहने वाले एतवा उरांव का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तजना मुक्ति धाम में कर दिया गया। एतवा नायक के बारे कहा जाता था कि वे हर दिन संघ की शाखा में शामिल होते थे। जिले में संघ की शाखा प्रारंभ करने वाले एतवा नायक जब कभी शाख नहीं जाते थे, तो लोग समझ जाते थे कि या तो वे खूंटी से बाहर हैं अथवा बीमार हैं। अन्य किसी अन्य कारणों से वे शाख से अभी अनुपस्थित नहीं होते थे। एतवा नायक नेताजी चौक खूंटी के पास बोरी बिछाकर स्टीकर और कैलेंडर बेचते थे। अपनी प्रेरणा और प्रयास से सैकड़ों लोगों को न केवल उन्होंने आरएसएस से जोड़ा, बल्कि संघ की प्राथमिक से लेकर तृतीय वर्ष तक का प्रशिक्षण उन्हें मे भेजा। नायकटोला का शायद ही कोई युवा होगा, जो उनके प्रयास से स्वयंसेवक न बना। बाल्यकाल का स्वयंसेवक लगभग 55 वर्षों से घोर आर्थिक अभावों के बीच निरपेक्ष भाव से अखंडित संघ कार्य का दुर्लभ उदाहरण थे। पन उन्हें पहचान, प्रतिष्ठा की जरूररत थी और न ही वे किसी से आर्थिक मदद की उम्मीद रखते थे। प्रांत के महेंद्र प्रसाद, जिला कार्यवाह शशि पांडेय, भुवनेश्वर, सुनील साहू, संतोष, नारायण, पुष्पराज, बलराम, रणवीर, डॉ निर्मल सिंह, डॉ अवधेश, मनोज कुमार, संजीव, रोशन लाल शर्मा, प्रकाश, तिलक नथन नायक, रमेश, योगेंद्र नायक, लखींद्र नायक, सहित कई स्वयंसेवक मुक्तिधाम में उपस्थित थे।



### मुखिया सरिता देवी ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

# गरीब असहाय लोगों की सेवा ही सच्चा धर्म है : सरिता देवी



आजाद सिपाही संवाददता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेती पंचायत के अति पिछड़ा क्षेत्र हैंजदा गांव में नववर्ष के अवसर पर बेती पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने कड़ाके की ठंड को लेकर समाज के गरीब वृद्ध और असहाय लोगों के बीच पहुचकर नव वर्ष की खुशियों को साझा करते हुए ठंड से बचने को लेकर कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में मुखिया सरिता देवी ने गांव के रितेश गंझु, रामसल उरांव, जसवा देवी, बुधनी देवी, जसवा गंझु, ऐतवरिया देवी, झलवा देवी, बन्नु गंझु, रूपलाल गंझु, डिंगलहा गंझु, कुमारी देवी, शुक्र गंझु सहित कई गरीब निर्धन और असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि गरीब और असहाय लोगो की मदद करना सबसे बड़ा पूण्य का काम होता है। मौके पर मुखिया सरिता देवी, उप मुखिया किरण कुमार, समाजसेवी गणेश भुईया, रोहित गंझु, राहुल गंझु सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# अर्जुन मुंडा आज खूंटी में कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री जनजातीय सह कृषि मंत्रालय, भारत सरकार और खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा बुधवार को खूंटी आयेंगे और टकरा में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला सांसदप्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि केंद्रीय मंत्री बुधवार को पूवार्हृन 11 बजे खूंटी आयेंगे और भाजपा के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। अपराह्न दो बजे खूंटी प्रखंड के उुगडुगिया मोड़ पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम फुदी से हड़ाम-बड़ाम वाया बरकोरगी कानाडीह मोड़ तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास। करेंगे। अर्जुन मुंडा अपराह्न एक बजे मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को श्रद्धांजली और टकरा नाला पर वियर योजना के निर्माण का शिलान्यास और वहीं उद्वह सिंचाई योजना निर्माण का उद्घाटन करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि मौके पर इस्टर्न स्टॉरेज पॉण्ड का उद्घाटन करेंगे। मौके पर मंत्री टकरा मैदान में स्टेडियम निर्माण का शिलान्यास करेंगे और सांस्कृतिक कार्यकम तथा ग्रामीणों से भेंटवार्ता करेंगे। अपराह्न दो बजे वे वन धन केंद्र, सिलादोन, खूंटी में महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ वार्ता करेंगे और अपराह्न चार बजे महादेव टोली शिवालय रोड, खूंटी पहुंचेंगे और स्व एतवा नायक के परिजनों से मुलाकात करेंगे।


# 13 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा पुलिस पार्टी पर हमला करने का आरोपित उग्रवादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** हत्या, पुलिस पर हमला और उग्रवादी घटनाओं में संलिप्त 13 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी सिरिल सोय ग्राम गम्हरिया थाना मुरहू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया उसके खिलाफ तोरपा थाने में दो मामले दर्ज है। उस पर हत्या, पुलिस पर हमला, उग्रवादी घटना, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए सहित कई संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज है। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नौ अगस्त 2009 को की शाम को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के उग्रवादियों द्वारा कमड़ा मोड़ के पास चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद तपकरा निवासी मो निजाम खान को गोली मार कर जख्मी कर दिया गया था। घायल अवस्था में निजाम खान घटनास्थल के आसपास गश्त कर रही पुलिस पार्टी के पास पहुंचे। तभी उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर भी हमला कर दिया गया। आत्मरक्षा के लिए पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाइ में एक उग्रवादी मारा गया था। इस घटना में भी सिरिल सोय शामिल था। बताया गया कि मुरहू थाना अंतर्गत जामदा बाजार में लकड़ी की खरीद-बिक्री करने वाले व्यापारी से पीएलएफआइ उग्रवादियों द्वारा रंगदारी की मांग की गयी थी। सभी उग्रवादी लेवी लेने के लिए गनालोया के साबर महतो को खोज रहे थे। उसी दौरान अनिल महतो से उन्होंने साबर महतो के बारे में पूछताछ की। अनिल ने जब कहा कि वह साबर महतो को नहीं पहचानता, तो उग्रवादियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया गया कि मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम मुंडा कुंजला के निकोलस सुरीन और उसके पड़ोसी श्रीराम सिंह हमेरोम से पीएलएफाअइ द्वारा लेवी की मांग की गयी थी और घर में जाकर जान मारने की नीयत से उस पर हमला किया गया था। इन दोनों घटनाओं में सिरिल सोय को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुरहू के थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक मो इकबाल, एसआइ दिगंबर पांडेय, एसआइ लक्ष्मण चौधरी, एएसआइ सुदर्शन महतो तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## 15 वर्षों से फरार हत्या का आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



खूंटी। खूंटी जिला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नये साल के पहले दिन ही सोमवार को 15 वर्षों से फरार हत्या और आर्म्स एक्ट के आरोपित तुलसीदास भेंगरा उर्फ संतोष ग्राम आनंदपुर थाना तपकरा को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी पुलिस विभाग द्वारा मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गयी। बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची जिले में वर्ष 2009 में हुई हत्या तथा 2013 में आर्म्स एक्ट के फरार वांछित स्थाइ वारंटी तुलसीदास भेंगरा को उसके गांव से ही गिरफ्तार किया गया। तुलसीदास के खिलाफ बेड़ो थाना और जगन्नाथपुर थाना रांची में हत्या, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। तुलसीदास भेंगरा को गिरफ्तार करने वाली टीम में तपकरा के थाना प्रभारी विक्रांत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक बलराम कुमार सिंह, एएसआई रमजानुल हक और आरक्षी सर्वजीत कुमार शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बार एसोसिएशन ने अनुमंडल पदाधिकारी को दी बधाई



बुंडू (आजाद सिपाही)। बार एसोसिएशन बुंडू के द्वारा नये वर्ष के उपलक्ष्य में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो को बधाई दी गयी। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण महतो, महासचिव शिवशंकर महतो, कोषाध्यक्ष अनूप जयसवाल के अलावा रितेश जयसवाल, संजय पांडेय, सुरजल सिंह मुंडा, वासुदेव प्रमाणिक, मनोज कुमार, दुर्योधन महतो, मनव्रत मुखर्जी, सनातन महतो, यमुना प्रसाद, परमेश्वर महतो, संजय मुखर्जी, दिलीप कुमार, नेहा कुमारी आदि अधिवक्ता शामिल थे।

### केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक बनने पर किया सम्मानित



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** हिंद लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन सेंटर बिचकाटोली, बुंडू के परिसर में हिंद लाइब्रेरी के प्रथम छात्र राहुल कुशवाहा (पुत्र तेजनारायण कुशवाहा, बिचकाटोली निवासी) को केंद्रीय विद्यालय संगठन में शिक्षक बनने पर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में अतिथि के रूप में ताऊ पंचायत की मुखिया रोशनी लंग, आजसू पार्टी के रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, लाइब्रेरी के निदेशक चंद्रकांत महतो, सह-निदेशक पवन महतो, मार्गदर्शक विष्णु चरण स्वांसी समेत अन्य उपस्थित थे।

### वाहन की चपेट में आने से मौत, सड़क जाम

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रांची-टाटा रोड पर तमाड़ थाना क्षेत्र के भुइयाडीह के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नरेंद्र महतो 24 वर्ष की मौत हो गयी। घटना सोमवार देर रात लगभग 10 बजे की है। तमाड़ थाना क्षेत्र के सिदवारडीह निवासी सड़क पार करने के चक्कर में वाहन की चपेट में आ गये। इसके बाद गामीणों ने रोड जाम कर दिया। पुलिस ने शव को सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया।

### आजसू प्रखंड अध्यक्ष ने बांटे कंबल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के प्रतापपुर गाव के गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। गांव के नामजन हससा को कंबल ओढ़ाकर ठंड से बचाते हुए आजसू के तमाड प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता ने कंबल का वितरण किया। इसके अलावा अन्य गरीबों को कंबल बांटा गया।

### अब्दुल्ला ने दो परिवार को आर्थिक मदद की



खलारी (आजाद सिपाही)। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड के दो परिवार को आथिर्क मदद किया । खलारी के राय निवासी स्वर्गीय मुद्रिका देवी तथा भूत नगर निवासी स्वर्गीय सविता देवी एक सप्ताह पूर्व दोनों का मौत हो गया था। जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुला अंसारी ने दोनों के घर जाकर परिवारवालों से मिलकर दुख व्यक्त करते हुए ढांढस बढ़ाया साथही दोनों परिवारों को खाद्य सामग्री दिया साथही आर्थिक मदद भी किया ।

### बिरसा किसान रथ के माध्यम से किसानों को दी जा रही है कृषि और पशुपालन की जानकारी



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा किसान रथ का परिभ्रमण जिले के विभिन्न प्रखंडों में किया जा रहा है। अब तक इसका परिभ्रमण खूंटी, रनिया और अड़की प्रखंड की विभिन्न पचायतों में किया गया। इसी क्रम में मंगलवार रथ का परिभ्रमण कर्रा प्रखंड की बकसपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में किया गया। रथ के माध्यम से किसानों के बीच कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन योजनाओं, बीज वितरण, टपक सिचाई, फलों की खेती, बिरसा किसान पाठशाला, पशुधन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन जैसे विषयों पर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। रथ के साथ आत्मा, पशुपालन, मत्यस विभाग, उद्यान विभाग तथा जनसेवक, बीटीएम, एटीएम और कृषक मित्र भी भ्रमण कर कृषक गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। बिरसा रथ बुधवार को कर्रा प्रखंड की लोधमा और घुनसुली पंचायत का परिभ्रमण करेगा। अधिक से अधिक किसानों को योजनाओं की जानकारी हो, इसके लिए जागरुकता रथ के माध्यम से प्रखण्ड स्तर पर प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है।

### रीमिक्स फॉल में डूबने से अज्ञात युवक की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र में अवस्थित पिकनिक स्पॉट रीमिक्स फॉल में मंगलवार सुबह डूबने से लगभग 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। समाचार भेजे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। मारंगहादा थाना की पुलिस ने सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे सुरक्षित शीतगृह में रख दिया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि मृत युवक आसपास ग्रामीण क्षेत्र का ही निवासी होगा,जिसकी पहचान के लिए पुलिस प्रयासरत है। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक एक जनवरी को ही रीमिक्स फॉल आया था। सूत्रों के अनुसार नशे की अवस्था में युवक रात में रीमिक्स फॉल के समीप ही सोया हुआ था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि मंगलवार सुबह शायद नहाने के लिए वह पानी में उतरा होगा, जहां गहरे पानी में वह डूब गया। बाद में इसकी सूचना मारंगहादा थाना की पुलिस को दी गयी।

### पूजित अक्षत का गांवों में किया गया वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भगवान श्रीराम लल्ला की जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को होनेवाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर वहां से आये पूजित अक्षत का वितरण मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांवों में किया। विहिप और बजरंग दल के कार्यकताओं ने तोरपा प्रखंड के डिगरी, सुंदारी, सोनपुर गढ़ सहित कई गांव में किया और लोगों को 22 जनवरी को घर-घर दिवाली मनाने और मंदिरों में विशेष आरती, भजन-कीर्तन करने और दीपोत्सव की अपील की। इस संबंध में विहिप के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह ने बताया कि तोरपा प्रखंड के सभी गांवों में पूजित अक्षत का वितरण किया जा रहा है। अक्षत वितरण कार्यक्रम में एमपी सिंह, पिंकी देवी, अमृता देवी, मोहित जयसवाल, सबिता देवी, ललिता देवी, कवित्री देवी शिखा जयसवाल सहित विहिप और बजरंग दल के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## बेड़ो के कोकड़े गांव में नहीं रुक रहा जंगली हाथी का आतंक, रौंद रहे किसानों की फसल


दुलारी मुंडा अपने बर्बाद हुए आलू की फसल को दिखाते हुए।

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में सोमवार की रात लगभग दो बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के एक महिला किसान दुलारी मुंडा के आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगो में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं महिला किसान ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है। ज्ञात हो कि शनिवार की रात भी कोकड़े गांव में एक जंगली हाथी ने दो किसानों अनुप मुंडा व लोदो मुंडा के आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया।

## इटकी के सभी पीडीएस दुकान संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये



इटकी प्रखंड मुख्यालय में बीएसओ को अपनी मांग का ज्ञापन सौंपते पीडीएस संचालककर्मी।

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के पीडीएस दुकान संचालकों ने अपनी लंवित मांग और केद्र सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गये। पीडीएस संचालक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ गौतम साहू और बीएसओ हेमन्त टोप्पो को ज्ञापन सौंपा। संघ से जुड़े पीडीएस दुकान संचालको ने कहा जबतक सरकार कोरोना काल के बकाया कमीशन, मानदेय, पूर्व के भांति अनुकंपा बहाल सहित अन्य मांगों को पूरा नही करती है तबतक ऑल इंडिया फेयर प्राइज शॉप फेडरेशन द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी आहूत अनिश्चित कालीन हड़ताल के समर्थन में इटकी प्रखंड के सभी पीडीएस दुकान बंद रहेगें। इस दौरान दुकान संचालक पीडीएस से जुड़े किसी प्रकार के कार्य नही करेगें। मौके पर संघ के अध्यक्ष सरिता एक्का, सोनू अहमद, अरुण तिवारी, मंजीत, मुस्लीम, वसीम सहित प्रखंड के 45 पीडीएस दुकान संचालक शामिल थे।

## प्रीतम साहू बने रांची टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी के सदस्य



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज निवासी सह भाजपा रांची जिला महामंत्री प्रीतम साहू को रांची टेलीफोन एडवाइजरी कमिटि के सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में भारत सरकार दूरसंचार विभाग पीएचपी विभाग ने बीएसएनएल व एमटीएनएल सीएमडी को एक पत्र देकर इसकी जानकारी दी है। पत्र पीएचपी के एसओ दिनेश चंद्रा ने बीएसएनएल सीएमडी को पत्र में प्रीतम साहू के एडवाइजरी कमिटि के सदस्य बनाये जाने की जानकारी दी गयी है। प्रीतम साहू के एडवाइजरी कमिटि के सदस्य बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और मैकलुस्कीगंज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वाले लोगों में सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि श्याम सिंह, फुलेश्वर महतो, शैलेंद्र शर्मा, अनिल गंझु, अरविंद सिंह, शशिभूषण सिंह, कार्तिक पांडेय, भरत रजक, आनंद सिंह, शशि प्रसाद साहू, जितेंद्र पांडेय, जितेंद्र भारती, रामधारी गंझू, कृष्णा चौहान, कुलदीप प्रसाद साहू, दिनेश प्रसाद गुप्ता, दिलीप पासवान सहित कई लोग शामिल है।

## ठंड को देखते हुए 75 जरूरतमंदों में बांटे कंबल



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के लैम्पस परिसर में स्वंय सेवी संस्था ओडीए और लैंपस के संयुक्त तत्वाधान में 75 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर लैम्पस अध्यक्ष चरवा उरांव ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए ओडीए संस्था के द्वारा जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध करा रही है, जो बहुत ही सराहनीय कदम है। मौके पर संस्था की अध्यक्ष सुमिता वर्मा, सचिव आशीष कुमार ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा पड़हा राजा विशाल उरांव, विशेश्वर हजाम, एतवा महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

# 'योजनाओं का उठायें लाभ'

आजाद सिपाही संवाददाता




**मांडर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मांडर प्रखंड के सुरसा पंचायत और टांगरबसली पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा चलायी जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ विभाग के प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। आयुष्मान कार्ड आदि की जानकारी दी। आरबीआई के साख फाउंडेशन से पुजा ठाकुर ने फाइनेंशियल लिटरेसी के बारे में बतलाया। उन्होंने कहा कि बैंक से जुड़कर लोग बहुत सारे फायदे उठा सकते हैं। इस दौरान लाभुकों ने अपना अनुभव भी साझा किये। जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी ली। संचालन दिव्ययान कृषि विज्ञान केंद्र के ओपी शर्मा ने किया। मौके पर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो, मुखिया फुलमनी मिंज, राकेश भगत, मौजूद थे।

## सामूहिक पिकनिक सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** हहाप पंचायत के चरना बेड़ा ग्राम में मंगलवार को नये साल के अवसर पर सामुहिक पिकनिक सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में हहाप मुखिया नन्हे कच्छप शामिल हुये। उन्होंने नये साल की शुभकामनाएं देते हुये ग्राम वासियों से कहा कि हर साल की तरह इस साल भी चांदनी क्लब चरना बेड़ा एवं ग्राम वासियों की ओर से सामूहिक पिकनिक सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल मैच, बालक एवं बालिकाओं का बिस्किट रेस, महिलाओं का कुर्सी रेस, घड़ा फोड़, रस्सा कस्सी प्रतियोगता का आयोजन किया गया। वार्ड सदस्य मादि टोप्पो ने कहा कि खेल कराने का मकसद है कि गांव में कला, संगीत, खेल में आगे बढ़ाना, गांव के बच्चों का डर भय भगाकर सभी को आगे बढ़ाना एवं गांव को विकास की ओर ले जाना है। इस अवसर पर जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच मुखिया के द्वारा कंबल का भी वितरण किया गया। मौके पर मुखिया नन्हे कच्छप, रामपुर पूर्व मुखिया चामू बैक, वार्ड सदस्य विनोद कच्छप, मादि टोप्पो, मदन टिग्गा, दुकमा कच्छप, अमित लोहरा, सुकरा लोहरा, सुरेश कच्छप, जगना नाग, शनिचरवा कच्छप, अजीत तिग्गा, राजू तिर्की, अजय कच्छप, दसा तिग्गा के साथ सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

## छाता नदी के किनारे मिला लापता युवक का शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पिछले एक सप्ताह से लापता विकास तिर्की नामक युवक का शव मंगलवार को तोरपा थाना क्षेत्र की छाता नदी के किनारे जंगल से बरामद किया गया। शव का पता चलते ही नदी के पास लोगों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। तोरपा पुलिस शव को मंगलवार की रात तोरपा थाना ले आयी है। बुधवार को पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया जायेगा। शव मिलने के बाद से स्वजनों में चीख पुकार मच गयी। विकास की बुआ फगुर्नी आइंद ने गत 26 दिसंबर को तोरपा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी कि उसका भतीजा विकास तिर्की मेरे पास एरमेरे में रहता था। स्कूल के बाद कभी-कभी टेंट हाउस में काम भी करता था। 23 दिसंबर को अपने दोस्त के साथ शाम पांच बजे के आसपास टाटी में आयोजित क्रिसमस गैदरिंग में जाने की बात कह कर घर से निकला था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। स्वजनों का आरोप है कि जिस दोस्त के साथ गैदरिंग पार्टी में विकास गया था, हमें शक है कि उन्हीं दोस्तो ने विकास की हत्या कर जंगल मे फेंक दिया है। इधर, पुलिस दो युवकों को थाने लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी मनीष कुमार का दावा है कि बहुत जल्द हत्यारों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## विधायक शहीद सुनील शाही की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**शिल्पी नेहा तिर्की ने शहीद के माता-पिता से मिलकर उन्हें एहसास दिलाया कि आप महान हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड के हुरहूरी मे मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शहीद सुनील शाही के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत बेकार नहीं जाती है। लोग उनसे सीख लेते हैं। हमारा क्षेत्र का इतिहास रहा है कि इसमें वीर शहीद पैदा हुए हैं। जिन्होंने अपनी मातृ भूमि की रक्षा के लिए अपनी जान तक न्योछावर कर दिया। साथ ही उन्होंने शहीद के माता-पिता से मिलकर भी उन्हें एहसास दिलाया कि आप महान हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने भी शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि धन्य हैं वो मां बाप जिन्होंने ऐसे शहीद पुत्र को जन्म दिया। विधायक ने शहीद के माता-पिता और उनके परिवार से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विधायक ने शहादत दिवस पर गरीब, जरूरतमंद और बुजुर्गो के बीच कंबल का भी वितरण किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, गंगू उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुजीत शाही, अजित सिंह, मोरहा उरांव, मुखिया शिव उरांव, गुड़िया उरांव और अन्य उपस्थित थे।

## लापुंग प्रखंड मुख्यालय में दर्जनों किसान के बीच गेंहू बीज का वितरण किया गया



लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड झारखंड सरकार के द्वारा लापुंग प्रखंड के एकल विंडो के माध्यम से लगभग 50 किसानों के बीच 10 क्विंटल गेंहू का बीज का वितरण किया गया। बीटीएम मोहन प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि जनमेजय पाठक ने उन्नत गेंहू का बीज प्रत्येक किसान 20 किलो ग्राम प्रति किसान निःशुल्क वितरण किया गया। खेती बाड़ी के प्रति जागरूक और आय दुगुना करने के लिए यह योजना झारखंड सरकार के द्वारा संचालित किया गया है। विटीएम मोहन प्रजापति ने कहा कि अच्छी पैदावार के लिए 15 जनवरी तक गेंहू की बोआई यथा सीघ्र करने का निर्देश दिया। मौके पर किसान मित्र विशाल मुंडा, महाबीर साहू, राजेंद्र साहू, अजय साहू के अलावे दोलाईचा, पविरा, लेटे के किसान के अलावे अनेक किसान मौजूद थे।

## केसीबी कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार का निधन


डॉ राकेश शर्मा। (फाइल फोटो)

बेड़ो (आजाद सिपाही)। करमचंद भगत कॉलेज के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सह बर्सर के पद पर कार्यरत डा राकेश कुमार का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। डा राकेश अपने टंगराटोली रांची स्थित आवास से कॉलेज जाने के लिए प्रातः 8 : 30 बजे तैयार हो रहे थे। इस दौरान उनका अचानक तबियत खराब हो गया। स्वजनों ने उन्हें उपचार के लिए आर्किट हॉस्पीटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। राकेश अपने पीछे पत्नी, बेटी डा सालू और बेटा कुमार पराग छोड़ गये। इनका अंतिम संस्कार मंगलवर की देर शाम हरमू, रांची मुक्ती धाम में किया गया जहां पुत्र कुमार पराग ने मुखाग्नी दी। अंतिम संस्कार में कॉलेज के प्रचार्य डा विंध्याचल राम पूर्व कुलपति डा रविन्द्रनाथ भगत डा रविकांत मेहता प्रो प्रदीप अधिकारी, प्रो वीरेंद्र प्रसाद प्रो सुमन चैबे डीएसडब्लू प्रो सुदेश साहु मो मजरूल,दिवाकर देव सहित केसीबी कॉलेज और रांची विश्वविद्यालय के कई प्रोफेसर व कर्मी उपस्थित थे।

## जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोनचिपी तथा आसपास के गांव में जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने मगंलवार को गरीब, असहाय, निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए गांव के लगभग 50 लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचार, बेबस और गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उन लोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है। मौके पर नेयाजुल खान, मुस्तकीम अंसारी, जावेद खान, छोटू सिंह समेत और भी लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के निर्देश पर रनिया, कर्रा और खूंटी सहित अन्य प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं के घर जाकर प्रपत्र 7 की सुपर चेकिंग की गयी। इस दौरान मतदाताओं से अपील करते हुए बीडीओ ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना हो, नाम में सुधार करना हो और किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाना हो, तो 12 जनवरी तक अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क करें। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर नाम जोड़ने, विलोपन और सुधार संबंधी प्रविष्टियो की जांच के लिए स्थल पर जाकर क्षेत्र सत्यापन का कार्य भी किया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के पास उपलब्ध बीएलओ रजिस्टर की जांच की और पुनरीक्षण संबंधी कार्यो के बारे में पदाधिकारियों-कर्मियों को दिशा निर्देश दिया गया।

### राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धा का दूसरा दिन

# राज्य के आर्यन को मिला कांस्य पदक

**क्वार्टर फाइनल मैच में विद्या भारती को 2-0 से तथा सेमीफाइनल में मणिपुर से मैच गंवाते हुए कांस्य पदक हासिल किया**


आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दूसरे दिन मगंलवार को झारखंड के आर्यन पाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के पहले मैच में जम्मू और कश्मीर को 2-0 से, दूसरे मैच में उतराखंड को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में विद्या भारती को 2-0 से तथा सेमीफाइनल में मणिपुर से मैच गंवाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। आर्यन की इस उपलब्धि पर खिलाड़ी और टीम कोच और मैनेजर को शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा और खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।

# आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल युवक की रिम्स में उपचार के दौरान मौत

आजाद सिपाही संवाददाता


अफरोज अंसारी। ( फाइल फोटो)

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के चचकोपी गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल 26 वर्षीय युवक अफरोज अंसारी की रिम्स में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गयी। युवक की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया। वही मृतक के पिता मुदीन अंसारी ने एक जनवरी की शाम बेड़ो थाना में चचकोपी गांव निवासी तीन लोगों में क्रमशः कुदरत अंसारी,फरीद अंसारी तथा अरबाज अंसारी के खिलाफ एक नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। प्राथमिकी में मृतक के पिता मुदीन अंसारी ने कहा है कि 31 दिसंबर दिन रविवार को जान मारने की नीयत से मेरे पुत्र अफरोज अंसारी के सिर पर लकड़ी के डंडा से वार किया गया। जिससे अफरोज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आनन फानन में हमलोग उसे इलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इसके बाद स्वजनों ने उसे गंभीरावस्था में इलाज के लिए रिम्स ले गए। वहीं दो जनवरी को इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गयी। इसकी जानकारी मृतक के भाई नौशाद अंसारी ने दो जनवरी को बेड़ो थाना पुलिस को दिया।

इधर मृतक के स्वजनों ने शव को पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को बेड़ो थाना लाया। इसके बाद स्वजन शव को चचकोपी गांव ले गये। जहां चचकोपी गांव स्थित कब्रिस्तान में मृतक का शव को दफनाया गया। इधर बेड़ो पुलिस मामले की तहकीकात और कार्रवाई में जुट गयी है।

## कुलहिया के युवक की ओड़िशा में हत्या

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुलहिया निवासी सरयू यादव के 34 वर्षीय पुत्र उमेश यादव का हत्या उड़ीसा राज्य के कोरापुट जिले के अंतर्गत ऑरीगुमा थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने बीते 30 दिसबंर को कर दिया गया। जिसका शव मंगलवार को पैतृक गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। वहीं इस घटना से पूरे गांव में मातम छाई हुई है। इस दौरान परिजनों ने गांव के समीप बतरे नदी घाट पर दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि 12 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार ने दिया। दाह संस्कार में हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के छोटे पुत्र रवि यादव, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, इं. संजय यादव, लखन यादव, विकास यादव, दीपक, लखन, सरजू, उपेंद्र, शिक्षक सुरेंद्र यादव, विजय सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

# संत मरियम स्कूल के तीन कराटेकारों ने जीता गोल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आगरा में आयोजित जेकेएसआई ऑल-इंडिया इडो-कॉन्टिनेंटल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के तीन बाल कराटेकार रौनक कुमार, रितु राज, आकांक्षा कुमारी ने चुस्ती -फुर्ती व मजबूती के साथ फाइट करते हुए अपने-अपने वेट कैटेगरी में तीन गोल्ड मेडल जीत कर अपने नाम कर पलामू का नाम रौशन किया है। चैंपियनशिप में भारत के अलावा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, मलेशिया, श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, सिंगापुर इत्यादि देश के कराटेकारों ने हिस्सा लिया। वहीं मुख्य मार्शल-आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार को अनुभवी प्रशिक्षक के रूप में क्योंशी सुरजीत छारी आयोजक अध्यक्ष, शिहान निर्मल गोस्वामी आयोजक सचिव के द्वारा मेमोटो देकर सम्मानित किया गया। यह चैंपियनशिप जापान कराटे डु शोतो-रियु इंटरनेशनल ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 30-31 दिसंबर चाणक्य होटल के स्पोर्ट्स हॉल में किया गया था।

इस बड़ी जीत के लिए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बाल कराटेकारों को बधाई देते हुए कहा कि यह होनहार बच्चे देश के भविष्य हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे चलकर अपने समाज का अपने जिले का अपने देश का मान सम्मान बढ़ायेंगे। विद्यालय परिवार हमेशा से ऐसे प्रतिभावान बच्चों के साथ है और साथ रहेगा। पुनः तीनों बच्चों को बहुत-बहुत बधाई, विद्यालय इन्हें विशेष रूप सम्मानित करेगी।

# डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये, राशन बंद




**जनवितरण प्रणाली विक्रेता पहली जनवरी से अनिश्चित हड़ताल पर चले गये हैं**

**विक्रेताओं की काफी दयनीय स्थिति हो गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** जनवितरण प्रणाली विक्रेता अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पहली जनवरी से अनिश्चित राशन बंद हड़ताल पर चले गए हैं। छतरपुर प्रखंड के सभी एक सौ बारह जनवितरण प्रणाली दुकानों में ताला लग गया है। फेयर प्राइस शोप डीलर्स फेडरेशन के छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष मो. इकबाल खा ने बताया कि राशन दुकानदारों के हड़ताल में चले जाने से पूरे प्रखंड के राशन लाभुकों को नये साल में अनाज नहीं मिल पायेगा। अंत्योदय, पीएच कार्डधारी के अलावा ग्रीन राशनकार्ड धारी भी प्रभावित होंगे जिसका हमे खेद है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबी परिवारों को मुफ्त अनाज देने की घोषणा कर दी है। मगर इस योजना को गरीबों के घर घर तक पहूंचाने वाले जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं की मांगों को अनसुना किया जा रहा है। विक्रेताओं की काफी दयनीय स्थिति हो गयी है।

# गजना माता के मंदिर में तीन कलश की स्थापना



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिहार सीमा पर स्थित गजना माता के दरबार में मुख्य दरवाजा के दक्षिण साइड में ग्राम पोलडीह के संकुल साधन सेवी अरूण कुमार सिंह के द्वारा तीन कलश का स्थापना किया गया। मौके पर मुख्य रूप से श्री श्री 1008 महंत अवध बिहारी दास, रामप्रवेश सिंह, सैलेंद्र कुमार सिंह, भृगुनाथ सिंह, रामराज पासवान, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, विश्वनाथ मिश्रा पुजारी, जगरनाथ मिश्रा, जयनंदन पांडेय, छेदी राम, त्रिवेणी पांडेय, अयोध्या पांडेय, सत्यनारायण पांडेय आदि मौजूद थे।

# अयोध्या से आये अक्षत कलश का कराया गया नगर भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता


अक्षत कलश के साथ रामभक्त

**हुसैनाबाद।** भगवान श्री राम मंदिर नगरी अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश को विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में हुसैनाबाद शहर में मंगलवार को नगर भ्रमण कराया गया। इसमें महिलाएं केसरिया साडी पहनकर माथे पर कलश और अक्षत लेकर जय श्री राम का जयघोष करते हुए चल रही थीं। विधि विधान से पूजित अक्षत कलश के भ्रमण की शुरूआत शहर के चार धाम परिसर से की गयी। इसके बाद कलश यात्रा में शामिल लोग जयश्रीराम का जयघोष करते हुए चित्रगुप्त नगर, मकबरा रोड, पुरानी बाजार, योगिबिर स्थान, मधुशाला रोड, दुर्गा बाड़ी, जेपी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए महाबीर जी भवन पहुचा। जहां विधिवत पूजा अर्चना की गयी। नगर भ्रमण में सैकड़ों, महिला पुरुष शामिल थे। अयोध्या से लाये गये इस पूजित अक्षत का वितरण घर घर किया जायेगा। इस दौरान लोगों को प्राण प्रतिष्ठा का न्योता भी दिया गया। साथ ही सभी से 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीप जलाने, पास के मंदिर में जाकर पूजा करने और आयोजन में भाग लेने की अपील की गयी। मौके पर दिनेश प्रसाद कश्यप, लोकनाथ केशरी, अजय प्रसाद गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, सचिन आनंद, उदयनाथ विश्वकर्मा, अनुज चौधरी, चंदन कांस्यकर, प्रदीप कांस्यकर, रामेश्वर राम, राजेश सिंह, पंकज गुप्ता, प्रमोद प्रजापति, घनश्याम, संतोष, प्रमोद प्रजापति, देवेंद्र गुप्ता, अविनाश पटेल, मंदीप, छोटेलाल, मुकुंद, नवल, धनंजय समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**उंटारी रोड(पलामू)।** जिले के उंटारी रोड थाना के सेवानिवृत एएसआई राजकुमार शर्मा की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को थाना परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत एएसआई राजकुमार शर्मा को पूरे छः पंचायत के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगो ने फूलो की माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर बुके के साथ सम्मानित कर भावभीनी विदाई दिया। मौके पर थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने कहा कि आज कल की परिस्थिति को देखते हुए सकुशल सेवानिवृत होना एक बहुत बड़ी बात है। वहीं एएसआई राजकुमार शर्मा ने कहा कि मैने अपने जीवन का लगभग 35 साल सर्विस में बिताए और अब मै अपने बाकी का जीवन अपने घर परिवार के साथ हंसी खुशी बिताऊंगा। वहीं और जिला पार्षद सदस्य अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि अब आप जायें और समाज को जागरूक करें अपने घर परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत करें। मौके थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो, रमेश चंद्र महतो, इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद, जिला परिषद् अरविंद कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद मनोज कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, मुरमा खूर्द मुखिया रामवचन राम, समाजसेवी कृष्णा पाल, भरदुल मांझी, सांसद प्रतिनिधी राजाराम मेहता सहित थाने के पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# केंद्र सरकार के नये कानून को लेकर चक्का जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर(पलामू)।** केंद्र द्वारा प्रस्तावित हिट एंड रन कानून में किये गये संसोधन के विरोध में टेम्पू चालको ने आज विश्रामपुर बस स्टैंड में हड़ताल किया। साथ ही विश्रामपुर पांडु मुख्य सड़क को जाम कर दिया। हलाकि स्थानीय पुलिस तत्काल चालको को समझा बुझा कर जाम को हटा दिया। चालको ने कहा कि सरकार द्वारा जो नये प्रस्तावित कानून है। वह चालको के लिये काफी नुकसानदायक है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुये संसोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी चालको पर सात लाख रुपये का जुमार्ना तथा 10 साल तक सजा का प्रवधान है। यह चालको के लिये कला कानून है। चालको का कहना था कि सरकार तत्काल प्रस्तावित इस कानून को वापस ले। नही तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेग। हड़ताल करने वालो में सतेंद्र दुबे, महेंद्र पासवान, धनंजय बहेलिया, विपिन, नौसाद अंसारी, पलटू, ब्रजेश, जफर, गोविंदा, मुकेश, डब्लू, रिंकू, रामचंद्र राम, रशिम आलम सहित कई चालको का नाम शामिल है।

## हिट एंड रन' के विरोध में ऑटो चालकों ने जाम किया सड़क



**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की नये कानून भारतीय न्याय संहिता 'हिट एंड रन' के विरोध में दर्जनों ऑटो चालक लेस्लीगंज-लहलहे मुख्य पथ को जाम कर दिया और कानून के विरोध में जम कर नारेबाजी की साथ ही सामूहिक हड़ताल पर रहे। ऑटो संघ के प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि चालकों के उपर ये कानून थोपने का जो कार्य केंद्र सरकार की है वह निंदनीय है, चालक दिन भर कार्य करके अपना जीवन भरण पोषण करते हैं। जिस प्रकार 10वर्ष की सजा और 7 लाख का दंड जो बहुत बड़ी रकम होती है। कोई भी चालक जान बुझ कर कभी भी नही चाहते की दुर्घटना हो। मौके पर कुंडल कुमार साहब खान राजेंद्र उरांव, बबलू दुबे, नागेंद्र साहू रामकुमार सहित दर्जनों ऑटो चालक मौजूद थे।

## मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का किया आयोजन, डॉ ईश्वर सागर हुए शामिल



**विश्रामपुर(पलामू)।** भाजपा द्वारा विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड एक भलुही नगर मंडल अध्यक्ष के आवास पर मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओ ने लिट्टी-चोखा का लुफ्त उठाया। वनभोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। वनभोज कार्यक्रम में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, इद्रीश हवारी, विधायक के ग्रामीण प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, सुनील कुमार चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, सत्यनारायण सोनी, बेबी देवी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रजनीश चंद्रवंशी, शिववंश मिश्रा, संजय ठाकुर, रामप्रवेश मौर्य, विकास चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, अर्चना देवी, देवनाथ यादव, कृष्णा साहू, धर्मेंद्र कुमार, सुरेंद्र भारती, संगीता देवी, मीरा देवी, सच्चिदानंद मेहता, सुदामा यादव,उपाशी देवी, अनीता देवी, अर्जुन राम, रामजन्म राम सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राधे कृष्णा क्रिकेट टूर्नामेंट का भाजयुमो नेता ने किया उद्घाटन


क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन और संबोधित करते राजीव रंजन, उपस्थित अन्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने मंगलवार को शहर के मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में राधे कृष्णा क्रिकेट टूनार्मेंट मैच का उद्घाटन मंगलवार को फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं। इस दौरान तेतरिया व अररुआ खुर्द टीम के बीच मैच खेला गया।जिसमे अररुआ खुर्द की टीम विजयी रहा। इस मौके पर टूनार्मेंट के आयोजक पवन यादव, विवेक विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, नंदन यादव, रंजीत मेहता, राहुल विश्वकर्मा, जितेंद्र, अंपायर संजीव पासवान के अलावे राजेश रंजन मिश्रा, विजय प्रजापति, शंभू यादव, छोटू कुमार, राजीव रंजन वर्मन, दीपक गुप्ता सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



67वीं राष्ट्रिय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालिका हॉकी में झारखंड की बेटियों ने किया कमाल
छत्तीसगढ़ को 6-0 से दी मात, बालक वर्ग ने भी जीता रजत पदक

# झारखंड की बेटियों ने दिया न्यू इयर गिफ्ट

**67वीं राष्ट्रिय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालिका हॉकी में झारखंड की बेटियों ने किया कमाल**

**छत्तीसगढ़ को 6-0 से दी मात, बालक वर्ग ने भी जीता रजत पदक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में दिनांक 28 दिसंबर, 2023 से 1 जनवरी, 2024 तक चले 67वी राष्ट्रिय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालिका और बालक वर्ग हॉकी मुकाबले में झारखंड की बेटियों ने कमाल कर दिया है। सदीपा तिर्की की कप्तानी में हमारी बालिका टीम ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से मात देकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है।

झारखंड की बालिका टीम से कप्तान संदीपा कुमारी ने दो गोल, पुष्पा मांझी ने एक, सुष्मिता गुड़िया ने एक, सुगन सांगा ने एक और सीमा तिर्की ने एक गोल कर मैच को 6-0 से जीत लिया। इस टूनार्मेंट में झारखंड की बालिका टीम तीसरे पायदान पर रही।

**बालक वर्ग ने भी किया शानदार प्रदर्शनः** 67वीं राष्ट्रिय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालक वर्ग हॉकी में झारखंड की बालक टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम कर लिया। झारखंड और ओडिशा के बीच खेले गये फाइनल मैच में निर्धारित समय सीमा तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी, अंत में पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमे ओडिशा ने पांच और झारखंड की टीम ने चार गोल किये। टूर्नामेंट में रजक पदक जीतकर बालक टीम इस टूर्नामेंट की उपविजेता बन गयी।

# हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू : कमलेश यादव

**अंसारी बीघा में रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता में बंजारी बनी विजेता**

आजाद सिपाही संवाददाता


राजद नेता नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते और उपस्थित अन्य

**हरिहरगंज/पलामू।** नगर पंचायत के अंसारी बीघा में स्थित खेल मैदान में सोमवार को जूनियर आरआर प्ले स्कूल बंजारी और आरआर प्ले स्कूल अंसारी बीघा के बीच रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान अंसारी बीघा ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का फैसला लिया। जहां बंजारी प्ले स्कूल के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 66 रनों का लक्ष्य अंसारी बीघा को दिया। वहीं जवाबी पारी में अंसारी बीघा ने लक्ष्य से दूर रहते हुए ऑल आउट हो गयी और बंजारी से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खेल हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा खेलों में हार या जीत को अहमियत नहीं देनी चाहिए। खेलों के बल पर एकता और भाईचारे का विकास होता है। इस मौके पर राशिद फैजी, क्यामुद्दीन अंसारी, प्रदीप चौधरी किशोरी और आयोजन कर्ता मो. युनुस, रायाजुद्दीन, सोनू, अमिन, आदिल प्रिंस, कादिर, सब्बू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मेडिकल कॉलेज की निविदा प्रकाशित होने पर बोकारो विधायक का नागरिक अभिनंदन

# विधानसभा क्षेत्र में विकास प्राथमिकता : बिरंची

## मेडिकल कॉलेज बनने व मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के खुलने से बोकारो में स्वास्थ्य सेवा बेहतर होगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो मेडिकल कॉलेज के निविदा प्रकाशित होने पर सुभाष कॉपरेटिव में बोकारो विधायक बिरंची नारायण का भव्य नागरिक अभिनंदन संत जेवियर्स कॉलोनी, सुभाष कॉपरेटिव, कैलाश नगर द्वारा किया गया समिति के सचिव ने बोकारो विधायक बिरंची नारायण के विकास कार्यो को पढ़कर सुनाया एवं अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने उपस्थित कॉलोनी वासियो को संबोधित करते हुए कहा की बोकारो विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करवाना ही हमारी पहली प्राथमिकता है तथा क्षेत्र के लोगों की जनसमस्याओं को समय रहते निस्तारण हो यह ही प्रयास रहेगा। साथ ही विधायक ने कहा की मेडिकल कॉलेज बनने व मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के खुलने से बोकारो के स्वास्थ्य सेवा बेहतर होगा साथ ही हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे व मेडिकल शिक्षा के लिए छात्र छात्राओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा स्टेडियम, इंजीनियरिंग, विज्ञान केंद्र, तारा मंडल, इनडोर स्टेडियम व मॉडल महिला कॉलेज खोलने के दिशा में प्रयास कर रहे हैं आने वाले दिनों में ये सब योजना धरातल पर उतरेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ बोकारो वासियो को मिल रहा है उनके कार्यो को देख व आप सभी के आशीर्वाद से क्षेत्र विकास को गति देने की ऊर्जा मिलती हैं। उक्त अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी भाजपा, नगर अध्यक्ष पन्नालाल कांदू, ओम प्रकाश शर्मा, प्रदीप शर्मा, के एन सिंह, डॉ आर पी सिंह, मुकेश चौरसिया, बुद्धेश्वर घोषाल, उदय सिंह, प्रकाश प्रामाणिक, एस डी एन सिंह, कैलाश सिंह, राजेश घोषाल, झंतु दे, शिव शंकर राय, दिनेश सिंह, गजेंद्र यादव, वेद प्रकाश राय, तारा शाह,कनैया गुप्ता, गौतम सिंह जय शंकर,शशि सिंह, प्रकाश राय, संतोष गुप्ता, लाख मुनि देवी,मिना देवी, तारा देवी,नीरु देवी आदि उपस्थित थे।

# मुआवजा को लेकर शव के साथ ग्रामीणों ने किया नेशनल हाइवे जाम

## सड़क निर्माण में लगी कंपनी के वाहन की चपेट में आने से युवक की हो गयी थी मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** मैथन के संजय चौक के समीप नेशनल हाइवे पर कोलकाता जाने वाले लेन में सड़क निर्माण में लगी कंपनी के वाहन की चपेट में आने से बीती रात कालीमाटी ग्राम निवासी सनातन टूडू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। इसके विरोध में मंगलवार की सुबह घटनास्थल पर शव रख ग्रामीणों ने जीटी रोड जाम कर दिया। मैथन ओपी में निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता एगयारकुंड बीडीओ बिनोद कुमार कर्मकार अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की मौजूदगी में सड़क निर्माण में लगी कंपनी और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। वार्ता में कंपनी की ओर से पांच लाख रुपये, एवं बरवा से दुगार्पुर तक जब तक कंपनी का कार्य चलता रहेगा तब तक बीस हजार रुपया प्रति माह मृतक के परिवार को देने की बात पर सहमति बनी। इसके अलावा आपदा प्रबंधन से मिलने वाली दो लाख रुपया की राशि, अंबेडकर आवास तथा विधवा पेंशन बीडीओ द्वारा जल्द स्वीकृत कराए जाने की बात पर सहमति बनी। कंपनी की ओर से तत्काल मृतक के परिजनों को दाह संस्कार के लिए दिलाया गया। वार्ता के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। वार्ता के दौरान निरसा विधायक, एग्यारकुंड बीडीओ के अलावे सीओ कृष्णा मरांडी, इंस्पेक्टर नयन सुख दादेल, मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, जेएमएम जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन, अशोक मंडल, जिला परिषद सदस्य मो० गुलाम कुरैशी, राम नाथ सोरेन, मेढ़ा मुखिया मनोज राउत, कालीपहाड़ी उत्तर मुखिया बबलू चौधरी, पी एल मूर्मू, एंव सड़क निर्माण में लगा कम्पनी स्काईलार्क की ओर से एच आर सत्यव्रत भट्टाचार्य, प्रदीप विश्वकर्मा मौजूद थे।

# पेलोडर लोडिंग शुरू करने के विरोध में मासस और जमसं ने की सभा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** विश्वकर्मा प्रोजेक्ट लोडिंग कोलडंप मे पेलोडर लोडिंग शुरू करने के विरोध मे मंगलवार को मासस व जमसं बच्चा गुट समर्थको ने लाहेबेरा मांझी बस्ती पार्क मे विरोध सभा किया। सभा में मासस के विजय पासवान व टुन्नू गुप्ता ने कहा की बीसीसीएल प्रबंधन एक बार फिर ट्रक लोडर अंसगठित मजदूरो का रोजगार छिनने का साजिश कर रही हैं। फॉरवर्ड डीओ के नाम पर मैनुअल लोडिंग की जगह पेलोडर लोडिंग से ट्रक मे कोयला उठाव करना चाहती हैं। पेलोडर लोडिंग के खिलाफ आर पार की लड़ाई का शंखनाद करेगी। वहीं बच्चा गुट के धनसार शाखा सचिव विश्वनाथ पासवान ने कहा की प्रबंधन कुछ दलाल किस्म के नेताओ के मिलिभगत से अवैध वसुली व रंगदारी करने की मंशा बना रही हैं। यहां ट्रक लोडिंग कर रोजगार करने वाले करीब सात सौ मजदूरो का रोजगार बंद करना चाह रही हैं। जरूरत पड़ी तो पुरे मामले की सुचना झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को दिया जायेगा। किसी भी कीमत पर पेलोडर लोडिंग नहीं शुरू होने दिया जायेगा। मौके पर पप्पू पासवान, भगवान पासवान, होरीलाल चौहान, गणेश कुमार, अरशद अंसारी, नरेश मल्लिक, मोती चौहान, मंजू मांझी, भोला चौहान, खेदन राय, मुकेश टुडू, सीताराम भुईया सहित अन्य थे।

# झारखंड के राजनीतिक हालात की जिम्मेवार भाजपा : पप्पू यादव

## देश का मुद्दा परिवारवाद नहीं बल्कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भगवान श्री राम के भरोसे वैतरणी पार करना चाहती है भाजपा। इनके पास अपना कोई विचारधारा नहीं है। उक्त बाते मंगलवार को जन अधिकार लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो सह बिहार के पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने बरोरा थाना क्षेत्र के लेढ़ीडुमर में पत्रकारों से कही। वे यहां अपने परिचित अनुज सिंह से औपचारिक मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे थे। उन्होने कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आइएनडीआइए गठबंधन में सीट शेयरिंग के बाद भाजपाईयो को अपनी औकात पता चल जायेगा। उन्होंने इंडी गठबंधन में शामिल दलों से कहा कि लोग अपना अहंकार त्याग कर सीटों का बंटवारा करें। भाजपा 22 जनवरी तक तो राम नाम जपने के अलावे जनता-जनार्दन के हित मे कोई काम नही करने जा रही है। भाजपा ने पूरे देश में केवल नफरत के बीज बोए है। इन दस सालो मे केवल लोकतंत्र और संविधान को चोट पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आजाद हिन्दुस्तान मे आज तक ऐसा कभी नही हुआ था कि संसद से एक साथ दो सौ सांसद का निलंबन हुआ हो। पूर्व सांसद ने बिहार और झारखंड की राजनीति पर चर्चा करते हुए कहा की हमलोग सुनते थे कि गब्बर आ जायेगा, आज केंद्र सरकार उसी गब्बर के सिस्टम का हिस्सा हो गयी है। इडी, सीबीआइ और इनकम टैक्स की कारवाइ सिर्फ बीजेपी का विरोध करने वाले पर होती है। देश का मुद्दा परिवारवाद नही, बल्कि बेरोजगारी, महंगाई, भ्रस्टाचार, आफिसरवादी असल मुद्दा है जिससे केंद्र सरकार जनता का ध्यान भटका रही है। मौके पर गुलाम मुर्तजा आलम, जिलाध्यक्ष उमेश यादव, योगेश निषाद, सुजीत मंडल, उपप्रमुख रंजीत कुमार सिंह, पप्पू चौहान, मिथुन कुमार सिंह (गोरा) मिथुन सिंह (काला) प्रभाष सिंह, शशी यादव सहित कइ अन्य लोग उपस्थित थे।

## वाहन चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

# नये क़ानून के ख़िलाफ प्रदर्शन, पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद महुदा।** केंद्र सरकार के नये कानून के खिलाफ वाहन चालकों द्वारा आहूत तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन जिला के दर्जनों स्थानों पर वाहन चालकों ने मुख्य सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और इस नये कानून को वापस लेने की मांग केंद्र सरकार से की। हड़ताल के कारण मैथन से लेकर तोपचांची तक नेशनल हाइवे पर बड़े वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। इसके चलते छोटे वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह तो हाइवे को जाम कर प्रदर्शन भी किये जा रहे हैं। ऐसे में हाइवे से सटे गांव होकर दूसरे वाहन आवागमन करने को मजबूर हैं। वहीं अगर शहर के अंदर की बात करें तो बरटांड़ बस स्टैंड, श्रमिक चौक, बरमसिया पुल, झरिया के चार नंबर, भागा मोड़, कतरास मोड़, सहित जिले भर में वाहन चालक प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हड़ताल के कारण सड़कों पर छोटे से बड़े सवारी गाड़ी और मालवाहक वाहनों नहीं चलने के कारण सड़कें वीरान हो रही है। हड़ताल के कारण इक्का दुक्का वाहन ही सड़क पर दिख रहे है। हालांकि इसका खमियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। यात्री पूरे दिन हलकान रहे।

### हड़ताल से बाघमारा क्षेत्र में भी यात्री रहे परेशान

महुदा। हिट एंड रन से संबंधित नये कानून बाद केंद्र सरकार के खिलाफ वाहन चालकों में आक्रोश देखा जा रहा है। तीन दिवसीय हड़ताल का असर पूरे बाघमारा प्रखंड इलाके में देखा जा रहा है। हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को महुदा, मधुबन, बाघमारा, बरोरा सहित अन्य जगहों में सड़कों पर पूरे दिन सरपट दौड़ने वाले ऑटो व ट्रक इक्का दुक्का ही दिखे।

## आरएसपी कॉलेज के नये प्राचार्य का किया गया स्वागत



**झरिया (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को छात्र नेता राजीव पांडेय के नेतृत्व में आरएसपी महाविद्यालय झरिया के नवनियुक्त प्राचार्य रूप में डॉ निलेश कुमार सिंह अंगवस्त्र बुके देकर उन्हें नयी जिम्मेवारी मिलने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राजीव पांडेय- रवि पासवान ने मिलकर आरएसपी रिजनल केंद्र डिगवाडीह में पीजी की पढ़ाई एवं नियमित रूप से क्लास करवाना एवं छात्र छात्राओं की जन समस्याओं को लेकर अवगत कराया। मौके पर रघु पासवान, जयदेव मोदी, सूफिया, नरगिश, प्रिया, लवली, सुष्मिता शुक्ला, श्रुति, शालिनी, अंजली, प्रियंका आदि छात्र-छात्राएं थीं।

# शिकायतकर्ता के घर आरोपियों ने की फायरिंग, चार खोखे बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में दो दिनों में दो अलग अलग स्थानों पर असमाजिक तत्वों ने फायरिंग कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। सोमवार की देर रात जामाडोबा 6/7पिट्स पंजाबी धौड़ा के रहने वाले रंजीत सिंह के घर पर पूर्व की हुई मारपीट की घटना के मामले में तीन नम्बर के युवकों ने चार राउंड फायरिंग की है। जिसमे दो गोली दरवाजे में जबकि दो हवाई फायरिंग की गई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की गस्ती दल ने चार खोखा बरामद किया है। श्री सिंह ने मामला दर्ज करवाते हुए कहा है की 31 दिसम्बर की रात अपने मौसी के घर जामाडोबा 3 नम्बर से लौट रहा था। तभी सड़क पर डीजे बजाकर कुछ युवक डांस कर रहे थे। हमने कहा की हमारे मोटरसाइकिल को जाने दो तभी विवाद हो गया, युवकों ने रॉड, लाठी डंडे से पिटाई कर दी। पिटाई करने वाले युवक जैकी, हर्ष, यस, आकाश, कर्मबीर सहित आधा दर्जन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिसके बाद सभी लोग समझौता करने का दबाव बनाने लगे। समझैता नही करने पर घर पहुच कर जान मारने की नियत से गोली चला दिया है। जिससे मैं और मेरे पूरे परिवार के लोग दहशत में है। वही जोड़ापोखर एक नंबर के रहने वाले रघुकुल समर्थक लड्डन खान ने लोजपा नेता बेलाल खान के पुत्र एवम भाइयों पर हत्या करने की नियत से घर के खिड़की पर रविवार की रात गोली चलाने का आरोप लगाया है। वही लोजपा नेता ने गोली चलाने के मामले में अपने परिवार के लोगों को निर्दोष बताया है। इस बाबत थाना प्रभारी विनोद उरांव ने बताया है की दोनों जगहों पर गोली चलाने के मामले की जांच के लिए सीसी टीवी पुटेज मंगाया गया है, जांच के बाद दोषियों पर करवाई की जायेगी।


झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | **कमलेश साव,** पिता – श्यामलाल साहु, साकिन – डोमचाँच, शहीद चौक, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 18/17 | 407 ट्रक | BR-13L-2112 | ढीबरा | 30.05.17 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 2 | **छोटेलाल साव** (वाहन स्वामी), पिता – जगदीश साव, साकिन – भुण्डो, चन्दवारा, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा। | 05/17 | जोनडीयर ट्रेक्टर | बिना नम्बर का | जलावन | 31.07.17 | श्री राजकुमार सिंह, वनपाल |
| 3 | **पप्पु साव,** पिता – विनोद साव, साकिन – सपही, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 43/18 | टाटा 407 मिनी ट्रक | BR-13G-0430 | ढीबरा | 07.08.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 4 | **महरू मोदी** (ढीबरा स्वामी), पिता – चौंवा मोदी, साकिन – झुमरी तिलैया, थाना तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 57/18 | 207 मिनी ट्रक | JH-12A-9040 | ढीबरा | 08.10.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | **बरसात मियां,** पिता – उद्दीन मियां, साकिन – भुण्डो, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 06/18 (misc) | – | - | लकड़ी | 26.11.18 | श्री ब्यास उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 6 | **संतोष मेहता,** पिता – मदनमोहन मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 44/18 | टाटा 407 मिनी ट्रक | BR-17B-4065 | ढीबरा | 13.08.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 7 | **किशुन सिंह,** पिता – गोवर्धन सिंह, साकिन – बिरागढा, टोला – बड़कीटांड, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा एवं अन्य 05 | 04/18 (misc) | – | - | लकड़ी | 26.11.18 | श्री ब्यास उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 8 | **बरसात मियां,** पिता – उद्दीन मियां, साकिन – भुण्डो, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा एवं अन्य 04 | 05/18 (misc) | – | - | लकड़ी | 12.10.18 | श्री ब्यास उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 9 | **राजकुमार यादव,** पिता – स्व0 रामेश्वर यादव, ग्राम – चौधरडीह (सपही), थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 68/18 | टाटा 407 ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 20.12.18 | श्री बिन्देश्वरी उपाध्याय, वनपाल |
| 10 | **धीरज कुमार साव** (वाहन स्वामी), पिता – रामजनम साव, साकिन + थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 17/18 | 10 चक्का ट्रक | JH-12B-6828 | ढीबरा | 06.04.18 | के0के0 ओझा, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 11 | **नुर मिया,** पिता – चुटो मियां, साकिन – बभनी, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह। | 23/19 | जोनडीयर ट्रेक्टर | बिना नम्बर का | पत्थर | 22.08.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 12 | **संतोष मेहता,** पिता – मदन मोहन मेहता, ग्राम – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 22/19 | टाटा 407 ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 08.11.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 13 | **मनोज मोदी,** पिता – बासुदेव मोदी, साकिन – अम्बाटांड, पो0 – चन्द्रोली, थाना – धनवार, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 01 | 17/19 | महिन्द्रा पिकअप भान | JH-10AY-7668 | लकड़ी | 12.10.20 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 14 | **छोटेलाल मेहता,** पिता – झरी मेहता, साकिन – महेशपुर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 28/19 | बैलगाड़ी | – | लकड़ी | 30.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 15 | **शंकर मेहता,** पिता – भुनेश्वर मेहता, साकिन – पंचगावां, थाना –डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 29/19 | बैलगाड़ी | – | लकड़ी | 30.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 16 | **महावीर मेहता,** पिता – कुंज बिहारी मेहता, साकिन – जरूवाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 30/19 | दो बैलगाड़ी | - | लकड़ी | 07.11.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 17 | **शिवशंकर मेहता,** पिता – बाबूलाल मेहता, साकिन – महेशपुर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 31/19 | दो बैलगाड़ी | - | लकड़ी | 07.11.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 18 | **मेघलाल भुनयां,** पिता – स्व0 किशुन भुनयां, साकिन – महुआदोहर, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा। | 07/19 | हिरो होण्डा स्पेण्डर प्रो पुराना | JH-02T-5837 | शिकार | 06.01.19 | श्री शंकर महतो, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 19 | **मो0 वारिस,** पिता – मो0 गयास, ग्राम – बाराटांड, थाना – रजौली, जिला – नवादा (बिहार)। | 13/20 | सफेद रंग का टाटा 407 मिनी ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 07.03.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 20 | **मुरारी यादव,** बासुदेव यादव, साकिन – चन्द्रोडीह, थाना + जिला – कोडरमा। | 04/19 | शक्तिमान ट्रक | JH-17D-5153 | ढीबरा | 06.02.19 | श्री सुरेन्द्र कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 21 | **अफताब आलम** (वाहन स्वामी), पिता – जब्बार खान, साकिन – भण्डारीडीह, थाना + जिला – गिरिडीह एवं अन्य 01 | 53/20 | महिन्द्रा सवारी | JH-11D-8582 | ढीबरा | 24.11.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 22 | **रामेश यादव,** पिता – बालेश्वर यादव, साकिन – सपही चौक, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 35/20 | टाटा 407 मिनी ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 11.08.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 23 | **जयलाल मेहता,** पिता – स्व0 बोधराम मेहता, साकिन – फुलवरिया, थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 36/20 | पिकअप भैन | JH-02Y-6796 | लकड़ी | 18.08.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 24 | **महेन्द्र राम,** पिता – स्व0 भीखन राम, साकिन – झरीटांड, थाना + जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 26/20 | टाटा 407 मिनी ट्रक | JH-17D-2845 | ढीबरा | 03.06.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 25 | **बंधु मेहता,** पिता – हेमन मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 25/20 | टेम्पू | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.06.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 26 | **आसगर अली,** पिता – हुसैन मियां, साकिन – बेकोबार, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा। | 27/20 | महिन्द्रा बोलेरो पिकअप भैन | JH-02AA-3106 | ढीबरा | 03.06.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 27 | **छोटेलाल मेहता,** पिता – स्व0 तेजो मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 28/20 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.06.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 28 | **पंकज मेहता,** पिता – रूपलाल मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 29/20 | हीरो स्पेण्डर प्लस | JH-12J-7783 | दारू निर्माण | 27.07.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 29 | **उमा पण्डेय,** पिता – लालजीत पण्डेय, साकिन – गुण्डाडीह, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 02 | 31/20 | बोलेरो पिकअप भैन | बिना नं0 का | लकड़ी | 29.07.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 30 | **बिरेन्द्र मेहता उर्फ बिरू मेहता,** पिता – शंभू मेहता, साकिन – मधौतीमहुआ, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 30/20 | दस चक्का ट्रक | JH-12C-2469 | ढीबरा | 28.07.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 31 | **दिवाकर यादव,** पिता – महेश यादव, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 07/20 | टेम्पो | बिना नं0 का | ढीबरा | 11.02.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 32 | **राम बच्चन मेहता,** पिता – बासुदेव मेहता, साकिन – बिगहा, फुलवरिया, थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 01/20 | 407 ट्रक | JH-10AW-0674 | लकड़ी | 26.12.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 33 | **लालो सिंह,** पिता – स्व0 भादे सिंह, साकिन – गोरियाडीह, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 03/20 | स्वराज ट्रेक्टर ट्रोली सहित | बिना नं0 का | लकड़ी | 09.01.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 34 | **राजु मेहता,** पिता – घनश्याम मेहता, साकिन – पंचगावाँ, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 33/20 | हीरोहोण्डा मोटर साईकिल | बिना नं0 का | लकड़ी | 10.01.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 35 | **छेवकरन चौधरी,** पिता – स्व0 राजेन्द्र चौधरी, साकिन – अरखांगो, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 03 | 13/21 | टाटा 407 | बिना नं0 का | लकड़ी | 19.04.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 36 | **पंकज मेहता,** पिता – लल्लू मेहता, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 12/21 | टेम्पू | JH-10AP-5624 | ढीबरा | 11.04.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 37 | **सुभाष मेहता,** पिता – किशुनलाल मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 14/21 | 407 | बिना नं0 का (ब्लू रंग का) | ढीबरा | 24.04.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 38 | **राजेश मेहता,** पिता – रामेश्वर मेहता, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 18/21 | टाटा 407 | बिना नं0 का | ढीबरा | 08.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 39 | **बबलू सिंह,** पिता – जालेश्वर सिंह, साकिन – ढाब, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 16/21 | टाटा 407 | BR-20E-6855 | ढीबरा | 01.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 40 | **अशोक यादव,** पिता – स्व0 छोटु यादव, साकिन – महावीर मुहल्ला, थाना + जिला – कोडरमा। | 25/21 | टाटा 709 | बिना नं0 का | ढीबरा | 21.07.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 41 | **सीताराम पंडित,** पिता – नारो पंडित, साकिन – मरकच्चो (कुम्हार टोली), थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 21/21 | महिन्द्रा पिकअप | बिना नं0 का | लकड़ी | 27.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 42 | **धनेश्वर दास,** पिता – प्रयाग दास, साकिन बरवाडीह, पो0 – महुगाई, थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा। | 31/21 | टेम्पू | JH-10B-3313 | ढीबरा | 03.09.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 43 | **बुलाकी मेहता, उर्फ राजु मेहता,** पिता – करम मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 32/21 | महिन्द्रा ट्रेक्टर | बिना नं0 का | ढीबरा | 05.09.23 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 44 | **प्रदीप मेहता,** पिता – जमुना मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 09/21 | (1) जे0सी0बी0 (2) शक्तिमान ट्रक | दोनों बिना नं0 का | लकड़ी | 04.02.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 45 | **राजकुमार यादव,** पिता – मंशी यादव, साकिन – केलपुर, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 01 | 07/21 | ट्रेक्टर का ट्रोली | बिना नं0 का | लकड़ी | 10.01.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 46 | **राजु मेहता,** पिता – नारायण मेहता, साकिन – भेलवाटांड, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 06/21 | टाटा 709 मिनी ट्रक | निबंधन सं0–अस्पष्ट | ढीबरा | 20.01.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 47 | **प्रवीण मेहता,** पिता – शंभु मेहता, साकिन – मधौतीमहुआ, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 33/21 | दस चक्का ट्रक | JH-10G-5525 | ढीबरा | 31.08.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 48 | **बिनोद मोदी,** पिता – मुंशी मोदी, साकिन – भेलवाटांड, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 06 | 35/21 | CAT जे0सी0बी0 | बिना नं0 का | समतली –करण | 01.09.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अन्तर्ग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 05.01.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्धारित तिथि 05.01.2024 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल।

PR 314923 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

## न्यूज रील्स

### पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने मंगलवार को भुवनेश्वर-भद्रक रेलवे खंड का निरीक्षण किया। सुरक्षा, ट्रेन संचालन सुविधाओं की समीक्षा की और रेलवे खंड पर चल रहे बुनियादी ढांचे के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने भुवनेश्वर और भद्रक के बीच स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं के कार्यों के साथ ट्रेन संचालन की समीक्षा की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। भद्रक स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने विभिन्न यात्री सुविधा, पार्किंग क्षेत्र के विकास, रनिंग एरिया, लैंडस्केपिंग आदि में सुधार की प्रगति की जानकारी दी और अमृत स्टेशन योजना के तहत भद्रक स्टेशन के पुनर्विकास की प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक श्री शर्मा को एच बाजवा मंडल रेल प्रबंधक खुर्दा रोड रेलवे मंडल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सहायता प्रदान की गयी।

# पीएम मोदी ने 20 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया



- रेल, सड़क, तेल और गैस तथा पोत-परिवहन क्षेत्र से जुड़ी अनेक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित किया
- तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास किया। विकास परियोजनाओं में तमिलनाडु में रेल, सड़क, तेल और गैस तथा पोत परिवहन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए सभी के लिए एक सार्थक और समृद्ध नये वर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त की और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि 2024 में उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम तमिलनाडु में हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज की 20,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं तमिलनाडु की प्रगति को सुदृढ़ बनायेंगी। उन्होंने सड़क, रेल, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, ऊर्जा और पेट्रोलियम पाइपलाइनों के क्षेत्रों में फैली परियोजनाओं के लिए राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इनमें से कई परियोजनाएं आवाजाही को प्रोत्साहित करेंगी और रोजगार के हजारों अवसर भी पैदा करेंगी।

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के लिए गुजरे पिछले तीन कठिन सप्ताहों की चर्चा की जब भारी वर्षा से अनेक लोगों की जान गई और संपत्ति का भी काफी नुकसान हुआ था। प्रधानमंत्री ने अपनी संवेदना व्यक्त की और यह भी कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा- हम राज्य सरकार को हर संभव सहायता दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हाल में दिवंगत हुए थिरु विजयकांत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा- ₹वह न केवल सिनेमा के क्षेत्र में बल्कि राजनीति में भी एक 'कैप्टन' थे। उन्होंने अपने काम और फिल्मों के माध्यम से लोगों का दिल जीता और राष्ट्रीय हित को सभी बातों से ऊपर रखा। उन्होंने देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉ एम एस स्वामीनाथन के योगदान को भी याद किया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि अगले 25 वर्षों के लिए आजादी का अमृत काल भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा तमिलनाडु पर रिकॉर्ड खर्च किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के दशक में राज्यों को 30 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे, जबकि पिछले 10 वर्ष में राज्यों को 120 लाख करोड़ रुपये दिए गए। तमिलनाडु को भी 2014 से पहले के 10 वर्षों की तुलना में इस अवधि में 2.5 गुना अधिक धन मिला है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए राज्य में तीन गुना से अधिक और रेल क्षेत्र में 2.5 गुना अधिक धन खर्च किया गया। राज्य में लाखों परिवारों को मुफ्त राशन, चिकित्सा उपचार और पक्के घर, शौचालय और पाइप से पानी जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एमके स्टालिन, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरूगन भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने तिरुचिरापल्ली में सार्वजनिक कार्यक्रम में तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इसे 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

## निश्चिंतकोइली में बस-ट्रक की हुई टक्कर

# तीन की मौत और 40 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** साल के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह साढ़े सात बजे बड़ा हादसा हुआ। चांदबाली से कटक आ रही एक निजी बस को निश्चिंतकोइली कलापोल के पास सामने से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक और दो यात्रियों की मौत हो गयी। मृतकों में आली के अनुसया बारिक, राजकनिका के नलिनीकांत गहाण और राजस्थान के ट्रक ड्राइवर मोहन लाल हैं।

परिवहन आयुक्त ने बताया कि हादसा कोहरे के कारण हुआ। हादसे में 40 से ज्यादा यात्री घायल हो गये हैं। इनमें से 20 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि 9 की हालत बेहद गंभीर है। उन्हें कटक एससीबी मेडिकल रेफर किया गया है।

वहीं कुछ यात्री बस के अंदर फंस गये थे, जिन्हें गैस कटर से बस काट कर निकाला गया। बस में फंसे यात्रियों को ऑक्सीजन मुहैया करायी गयी।



### सीएम ने शोक जताया, तीन-तीन लाख देने की घोषणा



मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कटक के निश्चिंतकोइली चांदबाली रोड पर एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को 3-3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। नौ बेहद गंभीर रूप से घायलों को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें अच्छा इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# बीएसकेवाइ-नबिन कार्ड पंजीकरण छह से

**16 जनवरी तक निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना - नवीन कार्ड अपडेट लेकर आया है। बीएसकेवाइ नवीन कार्ड पंजीकरण प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। जानकारी के मुताबिक इस कार्ड के लिए छह से 16 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन निःशुल्क है। लाभार्थी इसके लिए www.bskyn-abin.odisha.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं ।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने बीएसकेवाई योजना का तीसरा चरण शुरू किया है। इस चरण में बीएसकेवाइ से वंचित ग्रामीण लोगों को गंभीर बीमारियों के लिए निजी अस्पतालों में कैशलेस सुविधा प्रदान की जायेगी। यह चरण केवल सरकारी कर्मचारियों और आयकर दाताओं को छोड़ कर, ग्रामीण क्षेत्रों के सभी परिवारों को कवर करेगा, जो वर्तमान में बीएसकेवाइ योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं। उन सभी को हमारा नया बीएसकेवाइ- नबिन कार्ड मिलेगा। उन्हें राज्य के भीतर और बाहर सभी पंजीकृत निजी अस्पतालों में निर्धारित गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा भी मिलेगी। तीसरे चरण के विस्तार में राज्य के 1 करोड़ 10 लाख से अधिक परिवार शामिल होंगे।

# वेदांता ने गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स के साथ किया एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वेदांता लिमिटेड (एल्युमीनियम बिजनेस) ने कास्टिक-क्लोरीन और अन्य संबद्ध व्यवसायों के क्षेत्रों में विभिन्न व्यावसायिक अवसरों की खोज के लिए गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इसका उद्देश्य तालमेल हासिल करने के लिए अपने मानार्थ कौशल, ताकत और सामान्य व्यावसायिक हितों के आधार पर एक सहयोगी दृष्टिकोण अपना कर वेदांता एल्युमीनियम और जीएसीएल दोनों के व्यवसायों में मूल्य जोड़ने की क्षमता को पहचानना है। तदनुसार, दोनों कंपनियां अधिक विस्तार से सहयोग के अवसरों का पता लगाने की इच्छा रखती हैं, ताकि संसाधनों को पारस्परिक रूप से लाभप्रद तरीके से एक साथ एकत्रित किया जा सके। यह ऊर्ध्वाधर एकीकरण की दिशा में वेदांत एल्युमीनियम के प्रयासों के अनुरूप भी है। इस समझौता ज्ञापन के साथ, दोनों कंपनियां, सैद्धांतिक रूप से, संयुक्त उद्यम परियोजना के रूप में या पारस्परिक हित की संविदात्मक व्यवस्था के माध्यम से संयुक्त रूप से व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने पर सहमत हुई हैं।



# एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक कोयला खनन के रूप में अनिमेष जैन नियुक्त किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** अनिमेष जैन को 1 जनवरी से एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) के पद पर पदोन्नत किया गया है। श्री जैन एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख के रूप में झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और रांची में कोयला खनन मुख्यालय के लिए जिम्मेदार होंगे। वह एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) बने हुए हैं।



श्री जैन के कुशल नेतृत्व में एनटीपीसी कोयला खनन समूह ने अपनी चार प्रचालनात्मक खानों से अप्रैल 2023 से दिसंबर 2023 के दौरान कोयला उत्पादन में 73 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि दर्ज करते हुए एक शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है और इसी अवधि के लिए कोयला प्रेषण में 83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

श्री जैन एनटीपीसी से एनएमएल में कोयला खनन व्यवसाय के हस्तांतरण का नेतृत्व कर रहे हैं और कोयला उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए कोयला मंत्रालय के साथ अनुपालन विलेख पर हस्ताक्षर किये हैं, एनएमएल ने उत्तर-धाडू (पूर्वी भाग) की पहली वाणिज्यिक कोयला खदान जीती है। अपने पोर्टफोलियो में नयी खान को जोड़ कर एनएमएल ने 2030 तक प्रति वर्ष 100 मिलियन मीट्रिक टन की क्षमता प्राप्त करने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया है। 32 वर्षों के अपने शानदार करियर में श्री जैन ने बिजली क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है और भारत और विदेशों दोनों में व्यापार विकास, विलय और अधिग्रहण, जोखिम प्रबंधन, रणनीतिक प्रबंधन, कॉर्पोरेट मामलों में बड़े पैमाने पर काम किया है। श्री जैन ने 2020-21 में बांग्लादेश इंडिया फ्रेंडशिप पावर कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में भी कार्य किया और आज तक बोर्ड के सदस्य बने हुए हैं। बीआइएफपीसीएल में प्रबंध निदेशक की भूमिका संभालने से पहले, वह म्यांमार में एनटीपीसी लिमिटेड के संचालन की स्थापना के लिए जिम्मेदार थे।
























## स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती हत्याकांड

# हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब : सीबीआइ जांच क्यों नहीं हो

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या की सीबीआइ जांच की मांग पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सीबीआइ जांच क्यों नहीं होनी चाहिए? हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को इसकी जानकारी देने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को 5 मार्च तक जवाब देने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता ने याचिका में बताया कि 15 अगस्त 2008 को यानी स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या से कुछ दिन पहले उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे सीआरपीएफ जवान को हटा लिया गया था। उस महीने की 23 तारीख की सुबह ओड़िशा पुलिस के सभी कर्मचारी, जो उनकी सुरक्षा के प्रभारी थे, छुट्टी पर चले गये। उस शाम लक्ष्मणानंद को 15 लोगों ने हत्या कर दी। अगले ही दिन पुलिस महानिदेशक ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि स्वामी लक्ष्मणानंद को माओवादियों ने मार डाला है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि लक्ष्मणानंद की हत्या साजिश के तहत की गयी है, लेकिन जिस तरह से इस घटना की जांच की गयी, उससे असली सच्चाई लोगों के सामने नहीं आ सकी। उन्होंने कहा कि अगर घटना की जांच सीबीआइ से करायी जाये, तो कई राज खुल सकते हैं।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**